नई दिल्ली
बुधवार, 3 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 140
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### गुरुवार को होगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक

# भारत के तीन दिवसीय दौरे पर सिंगापुर के प्रधानमंत्री होंगे पांच समझौते!

■ दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



अमेरिकी टैरिफ की वजह से दुनिया में बनी हुई अस्थिरता के बीच सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वांग की मंगलवार से भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू होगी। गुरुवार (4 सितंबर) को नई दिल्ली में पीएम मोदी के साथ वांग की एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े मुद्दों, आर्थिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करने सहित साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने ⏩ शेष पेज 5 पर

#### आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने पर होगी चर्चा

*आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री की नई दिल्ली यात्रा में दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। जिनका संबंध नागरिक उड्डयन और अंतरिक्ष से है। इसके अलावा उनकी ये यात्रा भारत और सिंगापुर बहुआयामी साझेदारी में शामिल आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने के अवसरों को तलाशने में भी सहायक साबित होगी। दोनों देशों की इस भागीदारी की बुनियाद आपसी पूरकता का प्रमाण प्रस्तुत करती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सिंगापुर न केवल भारत का महत्वपूर्ण भागीदार है, जिसमें देश की पूर्व की ओर देखो नीति अहम है।*

### एससीओ में भारत, चीन रूस के दिग्गज नेताओं की एकता देख हक्का-बक्का रह गया अमेरिका

# बोले- अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, आखिरकार 'भारत और अमेरिका' समाधान निकाल लेंगे

■ पीटर नवारो ने कहा, भारत को रूस के बजाय अमेरिका, यूरोप, यूक्रेन के ज्यादा करीब होने की है जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



तियानजिन में हालिया संपन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में दिखाई पड़ी भारत, चीन और रूस के शीर्ष नेताओं की जुगलबंदी से सबसे ज्यादा खलबली अमेरिका में मची हुई है। न केवल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इससे परेशान हैं। बल्कि उनके करीबी प्रशासनिक अधिकारियों के माथे पर भी चीन से आई तस्वीरों से बल पड़ गए हैं। जिसका प्रमाण अपने ताजा बयानों से अमेरिकी सरकार में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने दिया है। स्कॉट बेसेंट का कहना है कि अंत में भारत और अमेरिका जैसे दो महान देश इसका हल निकाल लेंगे। क्योंकि दिल्ली के मूल्य चीन और रूस की जगह पर हमसे बहुत अधिक निकटता रखते हैं। उन्होंने ये भी संकेत दिए कि अमेरिका का ट्रंप प्रशासन रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। जबकि नवारो ने कहा कि भारत को अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के ज्यादा करीब होना चाहिए। न कि रूस के। गौरतलब है कि अमेरिका ने नई दिल्ली पर यूक्रेन युद्ध के बीच दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें रूस से तेल खरीद का भाग 25 फीसदी है। बीते महीने के अंत में यानी 27 अगस्त से अमेरिका भारत से पूरा 50 फीसदी टैरिफ वसूल कर रहा है। ⏩ शेष पेज 5 पर

#### अमेरिका, यूक्रेन से चाहिए ज्यादा करीबी

*वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि तियानजिन में नजर आई चीन, रूस और रूस एकता दुखदायी है। नई दिल्ली को अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के ज्यादा करीब होना चाहिए। बजाय चीन या रूस के। नवारो यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने चिरपरिचित अंदाज में नई दिल्ली के खिलाफ तंज कसा और कहा कि चीन में दिखाई पड़ी मोदी, शी और पुतिन की एकता किसी और के लिए नहीं। बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक शर्म की बात है। जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता हैं और अब वह दुनिया के दो बड़े तानाशाही वाले देशों के मुखियाओं के साथ खड़े हैं। जिसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास नहीं है कि मोदी क्या सोचते हैं? जिसमें शीत युद्ध में भारत की स्थिति और उसके साथ चीन के साथ दशकों से जारी संघर्ष शामिल है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि नई दिल्ली को हमारे और यूरोप व यूक्रेन से निकटता रखनी चाहिए। रूस से नहीं। भारत को रूस से तेल की खरीद पर भी रोक लगानी चाहिए।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एयर इंडिया विमान से फिर आया मेडे कॉल



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक और विमान के पायलट ने टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एटीसी को 'मेडे' कॉल दिया था, लेकिन राहत की बात ये रही कि यह एयरक्राफ्ट उसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करने में सफल हुआ, जहां से इसने उड़ान भरी थी। एयर इंडिया का यह विमान दिल्ली से इंदौर के लिए उड़ा था।

### जीएसटी काउंसिल की बैठक आज से



**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक बुधवार से होने जा रही है। जीएसटी रिफॉर्म के पीएम मोदी के ऐलान के बाद इसमें उस दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इसमें दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में करेंगी।

### बहरापन, मिर्गी, त्वचा विकार दिव्यांगता से बाहर




**नई दिल्ली।** सरकार की उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समिति ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत निर्दिष्ट दिव्यांगता की सूची में अस्थमा, मिर्गी और एक कान का बहरापन सहित नौ नई चिकित्सा स्थितियों को शामिल करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। नौ स्थितियां पामोप्लांटार केराटोडर्मा, एक कान का बहरापन, मिर्गी, फैक्टर-13 की कमी आदि को सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया गया था।

### पीएम मोदी की मां के खिलाफ अपशब्दों से आक्रोशित एनडीए का बिहार बंद कल

# ये गालियाँ सिर्फ़ मेरी माँ का अपमान नहीं, ये देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमानः मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



**भावुक मोदी बोले, नामदारों का तो अधिकार है कामदारों को गालियां देना**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए ने कल बृहस्पतिवार 4 सिंतबर को बिहार बंद का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के खिलाफ अपशब्दों के मामले को लेकर आक्रोशित एनडीए का बिहार बंद सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा ताकि आम लोगों को ज्यादा परेशानी ना हो। दरअसल कांग्रेस की हाल ही में निकाली गई 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान पीएम मोदी की दिवंगत मां को लेकर अपशब्द कहे गए थे। बिहार में इस साल चुनाव हैं और एनडीए और इंडिया गठबंधन एक दूसरे को पटकनी देने की जुगत में है। एनडीए के घटक दलों का महिला मोर्चा बंद की कमान संभालेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे मामले को लेकर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी और भावुक होकर कहा कि यह सिर्फ उनकी मां का नहीं, बल्कि हर मां-बहन का अपमान है। मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि कांग्रेस के मंच से उनकी माँ को गालियाँ दी जाएँगी। मोदी ने कहा कि माँ हमारा संसार है। माँ हमारा स्वाभिमान है। इस संस्कार संपन्न बिहार में कुछ दिन पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में आरजेडी-कांग्रेस के मंच से मेरी माँ को गालियाँ दी गईं। ये गालियाँ सिर्फ़ मेरी माँ का अपमान नहीं हैं। ये देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है। विपक्ष पर वार करते हुए मोदी ने कहा कि कोई पिछड़ा, अति-पिछड़ा आगे बढ़ जाए, ये कांग्रेस को तो कभी बर्दाश्त नहीं हुआ है! इनको लगता है, नामदारों का तो अधिकार है कामदारों को गालियां देना... इसलिए ये गालियों की झड़ी लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि मां को गाली देने वाली सोच, बहन को गाली देने वाली सोच, महिलाओं को कमजोर समझती है। ये मानसिकता महिलाओं को शोषण और अत्याचार की वस्तु मानती है। इसलिए, जब-जब महिला विरोधी मानसिकता को सत्ता मिली है, सबसे ज्यादा तकलीफें माताओं-बहनों-बेटियों को ही झेलनी पड़ी है। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि मैं जानता हूँ... आप सभी को, बिहार की हर माँ को, ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा होगा। मुझे पता है, जितना दर्द मेरे दिल में है, उतना ही दर्द बिहार के लोगों को भी है। उन्होंने कहा कि मेरी माँ ने मुझे अपने से अलग कर दिया ताकि मैं आप जैसी करोड़ों माताओं की सेवा कर सकूँ। आप सब जानते हैं कि अब मेरी माँ जीवित नहीं हैं। कुछ समय पहले, 100 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद, वो हम सबको छोड़कर चली गईं। मेरी वो माँ, जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, जो अब नहीं रही, उसे राजद और कांग्रेस के मंच से गालियाँ दी गईं। बहनों और माताओं, ⏩ शेष पेज 5 पर

#### राहुल, तेजस्वी पर किया हमला, कहा, बिहारी इसे भूलेंगे नहीं

*मोदी ने कहा कि उनके खिलाफ अपशब्दों की लंबी सूची है। "कभी मुझे नीच कहा गया, कभी गंदी नाली का कीड़ा, कभी साँप कहा गया। अब तो वे मुझे 'तू' कहकर संबोधित करने लगे हैं," प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी के एक हालिया बयान का जिक्र करते हुए कहा। दरअसल, दरभंगा की एक रैली का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की तस्वीरों के साथ कुछ लोग प्रधानमंत्री और उनकी माँ के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते दिखे। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने इसे राजनीति का "सबसे नीच स्तर" बताया। पार्टी ने कहा कि "यह इतनी बड़ी गलती है कि अगर राहुल और तेजस्वी कान पकड़कर हजार बार माफी भी मांग लें, तब भी बिहार की जनता इन्हें माफ नहीं करेगी।"*

#### कांग्रेस–राजद की सफाई

*कांग्रेस और राजद नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव उस समय मंच पर मौजूद नहीं थे और यह काम "बीजेपी एजेंटों" ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ने के लिए किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा, "बीजेपी हमारी यात्रा से हताश है और ध्यान भटकाने के लिए एजेंट भेजकर नारे लगवा रही है।"*

#### राजद का पलटवार

*राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा, "माँ का सम्मान होना चाहिए, लेकिन वोट पाने के लिए माँ का नाम इस्तेमाल करना गलत है। प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि जब राहुल गांधी की माँ के खिलाफ अभद्र भाषा बोली जाती है तो वे क्यों चुप रहते हैं।" कांग्रेस नेता उदित राज ने भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपनी माँ के नाम का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में राहुल, तेजस्वी की मौजूदगी में एक स्थानीय नेता ने मंच से पीएम मोदी की माँ को लेकर अपशब्द कहे थे, तब से दोहर से दिल्ली तक सियासी बवाल उफान पर है। कोई उस व्यक्ति को कांग्रेसी बता रहा है तो कोई भाजपा नेताओं के साथ उसकी तस्वीर जारी कर अपशब्द बोलने वाले को भाजपाई बता रहा है !*

### केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को विशेष सम्मान किया प्रदान

# छग के मुख्यमंत्री साय, गृहमंत्री शर्मा संग मिले अमित शाह से माओवादियों का दिया हिसाब किताब



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे माओवादी विरोधी अभियानों, उनकी उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से भी मिले एवं उनके साहस और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया। बैठक में उनके साथ छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्रवाई के परिणामस्वरूप 453 माओवादी न्यूट्रलाइज़ किए गए हैं। इसी अवधि में 1616 माओवादियों की गिरफ्तारी तथा 1666 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

राज्य में 65 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं और सड़क, पुल-पुलिया तथा मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने बस्तर में हाल ही में आई बाढ़ की गंभीर स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने गृह मंत्री को राहत और पुनर्वास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और बताया कि प्रभावित इलाकों में प्रशासन लगातार राहत सामग्री पहुँचाने, स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने और विस्थापित परिवारों के लिए सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करने में जुटा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद पहुँचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए विशेष पैकेज तथा अतिरिक्त संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले सबसे लंबे नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों का सम्मान किया। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने 31 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया था और घायल जवानों से मुलाकात कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। यह अभियान छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर अप्रैल-मई माह में चलाया गया था। इसे नक्सलियों पर अब तक की सबसे बड़ी चोट माना जा रहा है, क्योंकि बीजापुर जिले की कर्रेगुट्टा की पहाड़ियां नक्सलियों का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती थीं। लेकिन इस ऑपरेशन के बाद सुरक्षाबलों का वहां कब्जा हो गया और नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा। गृहमंत्री ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल सुरक्षा के मोर्चे पर बल्कि विकास और शांति की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार माओवादियों के सम्पूर्ण उन्मूलन तक आक्रामक अभियान जारी रखेगी और साथ ही विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसी बुनियादी सुविधाओं को तेज़ी से पहुँचाकर स्थायी शांति की नींव रखी जाएगी।

### मुख्यमंत्री सैनी ने अतिरिक्त राहत सामग्री भी तुरंत उपलब्ध करवाने का दिया आश्वासन

# पंजाब व जम्मू-कश्मीर को हरियाणा सरकार की ओर से पाँच–पाँच करोड़ रूपये की सहायता

■ कहा, आपदा की इस घड़ी में हरियाणा सरकार एवं प्रदेश की जनता मदद के लिए तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार ने भारी वर्षा से उत्पन्न आपदा की मार झेल रहे पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ गहरी एकजुटता प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से दोनों राज्यों को पाँच–पाँच करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की है। इस सहायता राशि का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुँचाना तथा दोनों राज्यों में चलाए जा रहे बचाव और पुनर्वास कार्यों को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को लिखे पत्र में कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में हरियाणा सरकार एवं प्रदेश की जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति से आमजन को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में पड़ोसी राज्य और मित्र की भूमिका निभाना हरियाणा सरकार का कर्तव्य है। ⏩ शेष पेज 5 पर

### यमुना वाटर सर्विस, लोहारू वाटर सर्विस और जवाहर लाल नेहरू सर्कल के तहत लगभग 54 परियोजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित

# हरियाणाः 315 करोड़ रुपए से होगा माइनरों का कायाकल्प, 24 कैनाल की होगी रिमॉडलिंग

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता हुई बैठक में दी गई मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा सरकार ने प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं कारगर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत लगभग 54 अलग - अलग परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा और इस पूरी परियोजना पर लगभग 315 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की एक अहम बैठक में राज्य में माइनर्स के व्यापक रीमॉडलिंग (पुनर्निर्माण एवं सुधार) कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत नहरों की गहराई, चौड़ाई एवं ढांचे को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि सिंचाई जल की आपूर्ति समय पर और पर्याप्त रूप से किसानों तक ⏩ शेष पेज 5 पर

### पार्क लगभग तीन लाख नौकरियों का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे

# दिल्ली में आज 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क' का इंटरैक्टिव सेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार 3 सितंबर को नई दिल्ली में 'इन्वेस्टमेन्ट अपॉर्च्यूनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क' का इंटरैक्टिव सेशन आयोजित होने जा रहा है। इसमें केन्द्रीय टैक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की अनौपचारिक बैठक में भी इस बात की जानकारी सभी मंत्रियों को दी। उन्होंने इस संबंध में मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मंत्रियों को यह भी बताया कि यह पार्क लगभग तीन लाख नौकरियों का सृजन करेगा, जिनमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।





#### मात्र एक रुपए प्रति वर्ग मीटर प्रीमियम व 120 रुपए प्रति वर्ग फीट विकास शुल्क पर जमीन

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदनावर धार में 2158 एकड़ से अधिक क्षेत्र में 2000 करोड़ रुपए से अधिक की अनुमानित लागत से विकसित हो रहे टैक्सटाइल हब-पीएम मित्रा पार्क से पश्चिम मप्र में मेट्रोपॉलिटन एरिया विकास के स्वप्न को साकार करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री* ⏩ शेष पेज 5 पर

### सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलनः इसरो और सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी चंडीगढ़ द्वारा विकसित की गई यह चिप

यह चिप लॉन्च व्हीकल्स को नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट में मजबूती देगा

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च, रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेमिकॉन इंडिया 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है। इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। तीन दिन चलने वाले सेमिकॉन इंडिया सम्मेलन में प्रोसेसर लॉन्च के साथ ही सरकार ने बताया कि देश में 5 नए सेमीकंडक्टर यूनिट्स का निर्माण हो रहा है। डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव ⏩ शेष पेज 5 पर



#### क्यों खास है विक्रम 3201?

यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी माइनस 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर प्लस 125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए ⏩ शेष पेज 5 पर

#### आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

स्पेस-ग्रेड प्रोसेसर आमतौर पर बाजार में उपलब्ध नहीं होते और इन्हें विदेशों से आयात करना पड़ता है। 'विक्रम 3201' के साथ भारत ने इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है। इससे सप्लाई चेन बाधाओं और आयात निर्भरता में कमी आएगी। इसरो ने इसके लिए पूरा सॉफ्टवेयर ईकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसमें एडीए कंपाइलर, असेंबलर, लिंकर्स, सिमुलेटर और डेवलपमेंट एनवायरनमेंट ⏩ शेष पेज 5 पर

## खुद भी जान देने का किया प्रयास

# रील बनाने की शौकीन थी पत्नी खफा पति ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नजफगढ़ इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी के रील बनाने से खफा पति ने उसकी हत्या कर दी और बाद में खुद की जान देने का भी प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि महिला की सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर दंपति के बीच लगातार तनाव बढ़ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये राव तुलाराम अस्पताल भिजवाया है। आरोपी का भी पुलिस हिरासत में इलाज चल रहा है।

पुलिस के अनुसार, महिला अपने पति अमन (35) और नौ एवं पांच साल के दो बेटों के साथ पुराने रोशनपुरा में किराये पर रहती थी। इसी साल अप्रैल माह में दंपति अपने बच्चों के साथ यहां रहने आया था।

**नजफगढ़ इलाके में वारदात**

अमन ई-रिक्शा चलाता है। वह मूलरूप से यूपी के पीलीभीत का रहने वाला है। पुलिस को इस घटना के संबंध में मंगलवार तड़के चार बजकर 23 मिनट पर सूचना मिली, जिसके बाद एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने कहा कि महिला मृत हालत में थी। प्राथमिक पूछताछ व जांच से पता चला है कि अमन अपनी पत्नी के सोशल मीडिया के उपयोग और रील बनाने का विरोध करता रहता था। महिला खुद को सोशल मीडिया स्टार बताती थी और उसके करीब छह हजार फॉलोअर्स थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। मंगलवार को दोनों के बीच बहस बढ़ गई और अमन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को गला घोंटकर मार डाला। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उसने फंदा लगाकर और जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे बचा लिया। राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हत्या सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पीरियड्स अवकाश सहित अन्य मुद्दों पर आज प्रोटेस्ट करेगा एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय संगठन के चुनावों के चलते इन दिनों गहमागहमी बढ़ी हुई है। इसी कड़ी में भारतीय कांग्रेस के छात्र संगठन नेशन स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) छात्रों को साधने में जुट गई है। एनएसयूआई बुधवार को डीयू परिसर में डीयू बचाओ मार्च और विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। जिसका मुख्य लक्ष्य छात्राओं को 12 दिन पीरियड्स अवकाश सहित अन्य मुद्दे शामिल है। एनएसयूआई दिल्ली द्वारा दी गई जानकारी अनुसार छात्र संगठन चुनाव हमारे लिए सेवा का माध्यम है, राजनीति करने के लिए नहीं। एनएसयूआई छात्र लड़कियों को हर हाल में 12 दिन पीरियड्स अवकाश दिलाकर रहेगा। इसके अलावा एनएसयूआई के मुद्दों में डीयू में बेहतरीन सुविधाएं, सबके लिए हॉस्टल, एससी/एसटी व ओबीसी आरक्षण सहित, योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति व फैलोशिप, फ्री मेट्रो पास व सस्ती परिवहन सेवा, विश्व स्तरीय खेल ढांचा, महिलाओं व हाशिए पर खड़े छात्रों के लिए सुरक्षित कैंपस और आरएसएस समर्थक शिक्षकों पर रोक सहित अन्य मुद्दे अहम है।


**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**
सीआईएनः L31300DL1964PLC004255,
पंजी. कार्यालयः डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड, 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.deltoncables.com ई–मेलः secretarial@deltoncables.com फोनः 0129–4523000

**60वीं वार्षिक आम बैठक और ई–वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 60वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को प्रातः 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") और अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के लागू प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय संचालित करने के लिए आयोजित की जाएगी। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") ने इस संबंध में दिनांक 19 सितंबर, 2024 के अपने परिपत्र के माध्यम से जारी अपने पूर्व परिपत्रों (एतद्द्वारा "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित किया गया है) की निरंतरता में सदस्यों की एक सामान्य स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने 3, अक्टूबर 2024 को अपने पूर्व परिपत्रों ("सेबी परिपत्र") की निरंतरता में जारी अधिसूचना के माध्यम से आगे संबंधित छूट प्रदान की है।

सदस्य सीडीएसएल ई–वोटिंग प्रणाली द्वारा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकेंगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों की कोरम के प्रयोजन के लिए गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत की जाएगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ, वित्तीय वर्ष 2024–25 के वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षक और निदेशक की रिपोर्ट शामिल हैं, इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा कंपनी के उन सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास पंजीकृत हैं और वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट भेजने के लिए कंपनी के वेबलिंक वाले पत्र भौतिक रूप से उन सदस्यों को साधारण डाक द्वारा 29 अगस्त, 2025 को भेज दिए गए हैं जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास पंजीकृत नहीं हैं। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक विवरण कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर उपलब्ध हैं।

**रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के लिए निर्देशः**

कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के अपने अधिकार का प्रयोग करने हेतु ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य नीचे उल्लिखित तिथियों पर सीडीएसएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके रिमोट वोटिंग के रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोटिंग की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले वे सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है और जिन्हें ऐसा करने से अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, एजीएम के दौरान वोटिंग कर सकेंगे।

ई–वोटिंग से संबंधित जानकारी और निर्देश, जिसमें यूजर आईडी और पासवर्ड का विवरण शामिल है, एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए समान लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाना चाहिए।

एजीएम के दौरान डीमैटरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयरधारक सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए रिमोट ई–वोटिंग और वोटिंग का तरीका नोटिस में दिया गया है। यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

रिमोट ई–वोटिंग का विवरण निम्नानुसार हैः

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई–वोटिंग की कट–ऑफ तिथि** | **19 सितंबर, 2025** |
| **रिमोट ई–वोटिंग की अवधि** | रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 23 सितंबर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे शुरू होगी और गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को सांयः 05:00 बजे** समाप्त हो जाएगी। इसके बाद, सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग को वोटिंग के लिए अक्षम कर दिया जाएगा। |

केवल वही व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 को सदस्य रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने या एजीएम में भाग लेने और एजीएम के दौरान वोटिंग करने का हकदार होगा।

**ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने की विधिः**

सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट कर लें। इसके लिए वे कंपनी की वेबसाइट www.deltoncables.com पर उपलब्ध आईएसआर–1 को विधिवत भरकर और हस्ताक्षरित करके कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट – बीटल फाइनेंशियल एंड सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली – 110062 को भेज दें या इलेक्ट्रॉनिक रूप से beetalrta@gmail.com पर भेज दें।

कोई भी व्यक्ति जो नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि तक शेयर धारक बनता है, वह नोटिस में दिए गए तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, जो कंपनी, स्टॉक एक्सचेंज और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। ऐसे सदस्य नोटिस में निर्दिष्ट तरीके से ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाल दिया/दिये है/हैं, वे भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें एजीएम में दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।


इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग करने के संबंध में किसी भी प्रश्न और/या शिकायत के लिए, सदस्य https://www.evotingindia.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सहायता एवं अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई–वोटिंग यूज़र मैनुअल देख सकते हैं या 1800 21 09911 पर कॉल कर सकते हैं या वरिष्ठ प्रबंधक श्री राकेश दलवी को helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता/–
जितेंद्र कुमार
कंपनी सचिव

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः 02 सितंबर, 2025


# डबल मर्डर केस में 10 साल से भगौड़ा गोधरा से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने डबल मर्डर के आरोप में उम्रकैद की सजा पा चुके भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसे गुजरात के गोधरा से पकड़ा गया। इतने समय तक फरारी के दौरान वह असम, मध्य प्रदेश और गुजरात में कपड़े बेच रहा था। इसे 2013 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बहाने 2016 में चार सप्ताह की पैरोल लेकर हसीन हुसैन फरार हो गया था। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार हसीन हुसैन मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। 47 वर्षीय आरोपी वेलकम इलाके में दोहरे हत्याकांड में शामिल था। इस संबंध में वेलकम थाने में 28 मार्च 2006 को एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि एक दिन पहले यानि 27 मार्च जनता कॉलोनी में झगड़े और दो हत्याओं के संबंध में पीसीआर कॉल पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और पप्पू (शिकायतकर्ता इमरान का भाई), अनीशा (मां) और हीना (बहन) को घायल अवस्था में पाया। उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पप्पू और अनीशा को मृत घोषित कर दिया।

हीना की गर्दन पर गहरे घाव थे। उसकी हालत गंभीर थी। इमरान के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि नौशाद, दिलशाद, इसरार, रानू उर्फ प्रशांत, शमीम, एक किशोर और नौशाद (द्वितीय) पीड़ित इमरान के पड़ोसी थे। 2006 में शबनम (आरोपी शमीम की बेटी) और दिलशाद की बहन ने इमरान के भाई इशरत से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद दोनों पड़ोसी परिवारों के बीच रिश्ते खराब हो गए थे। कई बार आरोपी के परिवार ने मृतक के परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। 27 मार्च को सभी आरोपी इमरान के घर में जबरन घुस गये और पप्पू और अनीशा को कॉन्टैक्ट रेंज से सिर पर गोली मार दी थी। हीना पर चाकुओं से हमला किया गया था। 26 जुलाई 2013 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने हसीन हुसैन, नौशाद (प्रथम), दिलशाद और नौशाद (द्वितीय) को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपी रानू उर्फ प्रशांत, शमीम और इसरार को बरी कर दिया था। 10 अगस्त 2015 को दिल्ली उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने अभियुक्त हसीन हुसैन, नौशाद (प्रथम), दिलशाद और नौशाद (द्वितीय) की अपीलें खारिज कर दी और उनकी सजा को बरकरार रखा। राज्य सरकार की अपील पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभियुक्त शमीम को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 28 दिसंबर 2016 को अभियुक्त हसीन हुसैन सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने के आधार पर पैरोल पर रिहा कर दिया गया था। उसके बाद से वह फरार चल रहा था। हाल ही में इसके बारे में सूचना मिली थी कि वह गोधरा में रह रहा है। तकनीकी निगरानी के बाद उसे दबोच लिया गया। आरोपी ने बताया कि मूल निवास छोड़कर वह विभिन्न राज्यों में फेरी लगाकर कपड़े बेचने का अपना काम कर रहा था। फरारी के शुरुआती दिनों में वह असम गया। वहां लगभग तीन साल तक रहा। मध्य प्रदेश में भी तीन साल रहा। पिछले चार साल से वह गुजरात में था। आरोपी ने पैतृक गांव से दसवीं तक की पढ़ाई की है। अविवाहित है और इसका एक भाई और तीन बहनें हैं।

# बाबा रामदेव महाराज की दशमी पर मेला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दौसा जिले के सिकंदरा के निहालपुरा स्थित भगवान विष्णु के अवतार बाबा रामदेव जी महाराज के मंदिर परिसर में बाबा की दशमी के अवसर पर आयोजित बाबा रामदेव मेले का विशाल आयोजन किया गया। जहां लाखों लोग मेले में आते हैं। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजस्थान प्रेम चंद बैरवा और रमेश बिधूड़ी पूर्व सांसद रहे।इस दौरान समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों को भी सम्मानित किया।श्रद्धा और आस्था का प्रतीक यह मेला सामाजिक समरसता और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम है। कार्यक्रम के दौरान सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ,पूर्व मंत्री ममता भूपेश, पूर्व राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा, शिवचरण मेहरा (अध्यक्ष बाबा रामदेव ट्रस्ट),भामाशाह डॉ. कल्याण सहाय बैरवा (सरपंच), सुल्तान बैरवा (प्रधान पं.स. सिकंदरा), रामनारायण खन्ना (भामाशाह बैरवा समाज), चंद्रपाल बैरवा (पूर्व महामंत्री बैरवा समाज दिल्ली प्रदेश) सहित प्रमुख जन उपस्थित रहे। लोगों ने बाबा रामदेव महाराज के पति अपनी आस्था एवं श्रद्धा व्यक्ति की तथा मेले का पूरा लुफ्त उठाया। मेला प्रबंधन समिति के तरफ से भी हर तरह की व्यवस्था की गई थी।

## दिल्ली और यूपी के 73 मामलों में वांटेड अपराधी दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज, कमला मार्केट टीम ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 73 मामलों में शामिल एक वांछित कुख्यात अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट, सेंधमारी और चोरी के मामलों में शामिल था। वह दिल्ली के सोनिया विहार में दर्ज चोरी के मामले में भी वांछित था। डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार वकील पुत्र इस्माइल निवासी मुस्तफाबाद को गिरफ्तार किया है। 37 वर्षीय बदमाश के बारे में सूचना मिली थी कि वह मुस्तफाबाद में रह रहा है। उसके घर के आसपास जाल बिछाया गया और आरोपी को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सौरभ, पुत्रः रमेश गुप्ता, पताः गली नं. बृजवासी चौक के पास, पंप हाउस, पिंकी चौधरी कॉलोनी, बुराड़ी, दिल्ली** ने **E-FIR No. 022351/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सौरभ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सौरभ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 022351/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **सौरभ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12
केंद्रीय, कक्ष नं. 264, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11533/N/2025


# अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी जिला पुलिस ने 100 ग्राम से अधिक स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का आका और तस्कर शामिल है। पकड़े गये लोगों के नाम तल्हा अजहर उर्फ चिंटू (22), आजम अली (23) और प्रदीप कुमार पाल (33) है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 28 अगस्त को अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के पास लक्ष्मीनगर रेलवे पुल के समीप जाल बिछाया और 94.53 ग्राम स्मैक बरामद होने के बाद बदायूं निवासी तल्हा अजहर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मंडावली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान अजहर ने खुलासा किया कि उसने बदायूं निवासी आजम अली (23) से यह मादक पदार्थ खरीदा था। इस मादक पदार्थ को वह मंडावली निवासी प्रदीप कुमार पाल (33) तक पहुंचाने वाला था। इसकी निशानदेही पर पाल को 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 23.22 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि छापेमारी में गिरोह के प्रमुख तस्कर आजम अली को बदायूं से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि स्थानीय लोगों तक मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए अली उत्तर प्रदेश से दिल्ली तक मादक पदार्थों की तस्करी करता था। अजहर पहले पटपड़गंज में फलों का ठेला लगाता था, लेकिन कारोबार में घाटा होने के बाद मादक पदार्थों की तस्करी में लग गया। वह अली से स्मैक खरीदने लगा। बाद में उसने पाल के साथ मिलकर पूर्वी दिल्ली में नशेड़ियों को पैकेट में भरकर यह मादक पदार्थ बेचा। पुलिस ने बताया कि पाल पहले भी दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तरूण माहेश्वरी,** पुत्र **महेश चन्द माहेश्वरी** पता **मकान नं. एफ–66, गली नं. 12, मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली** ने **Case No. 10309/2020, U/s 138 NI Act., थानाः कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है ) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **तरूण माहेश्वरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तरूण माहेश्वरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **Case No. 10309/2020, U/s 138 NI Act., थानाः कंझावला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **तरूण माहेश्वरी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.10.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
उत्तर–पश्चिम, रूम नं. 113
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/11683/RD/2025 (Court Matter)



**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
पंजीकृत ऑफः गांवः लोयन मलकपुर, तहः बड़ौत, बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
फोनः 011–42504878 ईमेल आईडीः investors@sbecsugar.com
वेबसाइटः www.sbecsugar.com

**कंपनी की 31वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **एसबीईसी शुगर लिमिटेड** ('कंपनी') के सदस्यों की 31वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') **गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को सुबह 11:00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') सुविधा/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी लागू परिपत्रों (सामूहिक रूप से ''प्रासंगिक परिपत्र'' के रूप में संदर्भित) के साथ एजीएम को बुलाने की सूचना में निर्धारित अनुसार व्यवसाय करने के लिए आयोजित की जाएगी।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट 02 सितंबर, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा कंपनी के उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ईमेल पते 28 अगस्त, 2025 तक कंपनी/कंपनी के आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत हैं। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक विवरण कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

**एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग के लिए निर्देशः**

कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक आम बैठक में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (''ई–वोटिंग'') से मतदान करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य नीचे उल्लिखित तिथियों पर सीडीएसएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके, दूरस्थ रूप से अपना मतदान कर सकते हैं (''रिमोट ई–वोटिंग'')। इसके अलावा, वार्षिक आम बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी और वार्षिक आम बैठक में उपस्थित वे सदस्य जिन्होंने दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मतदान नहीं किया है, वे वार्षिक आम बैठक के दौरान मतदान कर सकेंगे।

ई–वोटिंग से संबंधित जानकारी और निर्देश, जिसमें यूजर आईडी और पासवर्ड का विवरण शामिल है, सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए समान लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाना चाहिए।

डीमैटरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनके लिए एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और वोटिंग का तरीका नोटिस में प्रदान किया गया है, जो कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

दूरस्थ ई–वोटिंग का विवरण इस प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| रिमोट ई–वोटिंग के लिए कट–ऑफ तिथि | गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 |
| रिमोट ई–वोटिंग | अवधि शुरू होगीः सोमवार, 22 सितंबर, 2025 सुबह 9:00 बजे<br>समाप्त होगीः बुधवार, 24 सितंबर, 2025 शाम 5:00 बजे |

उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उक्त अवधि की समाप्ति पर सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को तत्काल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

केवल वही व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 को सदस्य के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने या एजीएम में भाग लेने और एजीएम के दौरान मतदान करने का हकदार होगा।

**ई–मेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीकाः**

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास डीमैटरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए शेयरों के संबंध में तथा भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 तथा फॉर्म संख्या SH-13 (कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर या RTA के www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध) को विधिवत भरकर तथा हस्ताक्षरित करके आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली – 110062 पर जमा करके अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट करें या beetalrta@gmail.com पर ई–मेल करें।

कोई भी व्यक्ति जो नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह नोटिस में दिए गए तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, जो कंपनी की वेबसाइट, स्टॉक एक्सचेंज और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे सदस्य नोटिस में निर्दिष्ट तरीके से ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 से गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

**जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम में फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।**

यदि आपके पास ई–वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई–वोटिंग मैनुअल को www.evotingindia.com पर सहायता अनुभाग के अंतर्गत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 को संबोधित की जा सकती हैं या helpdesk-evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी शुगर लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
अंकित बिष्ट
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

दिनांकः 02.09.2025
स्थानः नई दिल्ली


# हत्या, फिरौती के लिये अपहरण और डकैती केस में शामिल बदमाश अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने बिंदापुर के हत्या और विकासपुरी के फिरौती के लिये अपहरण और डकैती केस में शामिल अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अशद उर्फ अरशद बताया गया है। इसे अदालत ने भी भगौड़ा अपराधी घोषित किया हुआ था। पुलिस इसके कई साथियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। इसकी गिरफ्तारी से बिंदापुर और विकासपुरी के दो मामले सुलझाये गये हैं। पुलिस ने आरोपी को कटेवड़ा गांव से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार अशद राजापुरी स्थित भरत विहार का रहने वाला है। वह बिंदापुर निवासी कुलदीप सिंह की हत्या के मामले में वांछित था। बिंदापुर थाने में 18 अगस्त को दर्ज फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के मामले में यह वांछित था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंडरग्राउंड हो गया था। वह बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था। दरअसल उत्तम नगर निवासी बंटी ने पुलिस में शिकायत दी थी कि 17 अगस्त को उसे और उसके चाचा कुलदीप सिंह को रितिक और मुन्ना समेत चार लोगों ने अगवा कर लिया था। उन्होंने दोनों के साथ जमकर मारपीट की थी। विरोध करने पर रितिक ने अपने दोस्त से चाकू लेकर कुलदीप सिंह के सीने में घोंप दिया था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पवन व मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दो आरोपी फरार हो गए थे, जिनमें से एक को बाद में पकड़ लिया गया था। 1 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि बिंदापुर में हत्या के एक मामले में वांछित अशद अपने साथियों से मिलने कटेवड़ा गांव आने वाला है। इसके बाद ट्रैप लगाकर आरोपी को दबोच लिया गया। एक अन्य मामले में अजय कुमार नाम के व्यक्ति से 19 मई की रात गुजरांवाला अपार्टमेंट के पास पांच हमलावरों के एक ग्रुप ने लूटपाट की थी। पीड़ित उस समय अपनी कार से तिलक नगर अपने घर लौट रहा था। तीन स्कूटर और दो बाइक सवारों ने उसकी कार को जबरन रोका। अजय को बाहर निकाला और लाठी-डंडों और घूंसों से बेरहमी से पीटा गया। एक बदमाश पीड़ित की कार लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने डकैती की धारा में मामला दर्ज किया था। बाद में मामला अपराध शाखा को सौंप दिया गया था।

## झुग्गियों में आग लगने की घटना उठा रही है साजिश वाले गंभीर सवालः यादव

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी झुग्गी बस्ती में गत दिनों लगी आग पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने साजिश करने से लेकर कई अन्य सवाल खड़े किए है। इस घटना पर यादव ने कहा कि शाहबाद डेयरी झुग्गी बस्ती में लगी आग सवाल खड़े करती है। क्योंकि ऐसा लगता है कि झुग्गियों पर बुलडोजर के बाद झुग्गियों में आग लगने में कहीं कोई साजिश तो नही की गई। यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से तुरंत प्रभाव से शाहबाद डेयरी के झुग्गी वासियों को उचित मुआवजा देने के साथ जहां झुग्गी थी वहीं पक्के मकान बनाकर देने की मांग की है। साथ यादव ने कहा कि जब तक यह काम पूरा नही होता, पीड़ितो की रिहायश के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सरकार को तुरंत करनी चाहिए। शाहबाद डेयरी, रोहिणी सेक्टर 18, बंगाली कॉलोनी की झुग्गियां 31 अगस्त को आग की घटना के यादव ने मंगलवार को पीड़ितों से मुलाकात करके अपनी संवेदनाएं प्रकट की और आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी हर हाल में आपके साथ खड़ी है। यादव ने बताया कि यहां लगी भीषण आग में 45 झुग्गियों के परिवार बेघर होकर पूरी तरह बर्बाद हो गए है। यादव के साथ पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।


**एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : नं. 11, रानी झांसी रोड (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली–110055
CIN: L74899DL1993PLC055697
Email : ekam.leasing1@gmail.com, info@ekamleasing.in
Website : www.ekamleasing.in

**सूचना**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो**

भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (''सेबी'') सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/ MIRSD-POD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ट्रांसफर डीड्स, जो फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण के लिए समय सीमा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे और दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी की वजह से अथवा अन्यथा निरस्त कर दिये गये अथवा लौटा दिये गये अथवा ध्यान नहीं दिया गया, के पुनः दायर करने के सरलीकरण हेतु 06 (छह) माह की अवधि के लिए 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक एक स्पेशल विंडो खोली गई है। इस अवधि के दौरान प्रतिभूतियां कम्पनी के पास हस्तांतरण हेतु पुनः दायर की जा सकती हैं और शेयर, **जो हस्तांतरण-सह-डिमैटीरियलाइजेशन के लिए पुनः दायर किए जाते हैं, केवल डिमैट मोड में जारी किए जाएंगे।**

शेयरधारक जो अवसर का लाभ उठाने के इच्छुक है, से आग्रह किया जाता है कि उपरोक्त समय-सीमा के अंदर फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह को हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, यूनिट : एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड, 4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 पर पुनः दायर करें, सम्पर्क नं. : 011-42541955 ; एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड, नं. 11, रानी झांसी रोड (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली–110055, ई-मेल आईडी ekam.leasing1@gmail.com.

सम्बन्धित शेयरधारक(ों) को इस एक-बारगी विंडो का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

निदेशक मंडल की ओर से
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
राकेश जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02 सितम्बर 2025

## निचले इलाकों में घुसा पानी, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

# दिल्ली बाढ़ : यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से पार, लोहे के पुल पर यातायात बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हथिनी कुंड और वजीराबाद बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण, दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जिसकी वजह से यमुना किनारे के कई निचले इलाकों में पानी घुस गया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। वहीं एहतिहातन दिल्ली के पुराने रेलवे पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार शाम 8 बजे दिल्ली के पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर जलस्तर 206.30 मीटर दर्ज किया गया। खतरे को देखते हुए इस पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले, सुबह छह बजे यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर 205.68 मीटर के स्तर पर पहुंच गई थी। यमुना का उच्चतम जल स्तर 208.66 मीटर है, जो जुलाई 2023 में दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के लिए चेतावनी का निशान 204.50 मीटर है, खतरे का निशान 205.33 मीटर है, तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने का कार्य 206.00 मीटर पर शुरू होता है। एक अधिकारी ने बताया कि जल स्तर बढ़ने का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनी कुंड बैराज से हर घंटे बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। पूर्वानुमान के अनुसार जल स्तर में और वृद्धि हो सकती है। अधिकारी के मुताबिक शाम चार बजे तक हथिनी कुंड बैराज से 1.53 लाख क्यूसेक और वजीराबाद बैराज से 78,700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यमुना नदी उत्तराखंड से निकलती है और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से होकर बहती है। अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, जब नदी 'निकासी स्तर' के निशान को पार कर जाती है, तो जिला अधिकारियों द्वारा अस्थायी आश्रय, टेंट और भोजन एवं पानी की आपूर्ति जैसी व्यवस्था की जाती है। इसके तहत यमुना के किनारे गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास बाढ़ पीड़ितों के लिए अस्थाई टेंट लगा दिए हैं। इन टेंटों में बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाने का काम जारी है। वहीं दिल्ली में अधिकारी 'हाई अलर्ट' पर हैं। वहीं पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और बाढ़ के संभावित खतरों पर नज़र रखने के लिए एक प्रमुख अवलोकन बिंदु है। बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि हम लगातार निवासियों से बाढ़ के खतरे वाले इलाकों को खाली करने का आग्रह कर रहे हैं। कुछ अधिकारी नावों से नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने का अनुरोध कर रहे हैं। सभी जिलाधिकारियों को बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार शाम को दिल्ली के यमुना के किनारे निचले कुछ हिस्सों में पानी घरों में घुसने लगा। अधिकारियों के अनुसार पानी का स्तर रात में और बढ़ने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, हथिनी कुंड बैराज से 1.76 लाख क्यूसेक, वजीराबाद बैराज से 69,210 क्यूसेक और ओखला बैराज से 73,619 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।







### लगातार दूसरे दिन टूटकर बरसे बादल, 24 घंटे में आया नगर में सबसे ज्यादा 95.3 मिमी बारिश दर्ज

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी दिल्ली में बादल टूटकर बरसे। कुछ ही मिनटों की बारिश से अधिकांश क्षेत्रों में लबालब पानी भरने से यातायात जाम के हालात पैदा हो गए। एक तरफ सीमा तोड़कर बहती यमुना नदी तो दूसरी तरफ झमाझम बारिश ने दिल्ली वालों की मुसीबत बढ़ा दी। वहीं तापमान में सीधे 5 डिग्री से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सफदरजंग वेधशाला में 16 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं नजफगढ़ एरिया में सबसे ज्यादा 26.0 मिमी पानी बरसा। जबकि रिज एरिया में 20.6 मिमी, पालम में 8.9 मिमी, लोदी रोड 7.8 मिमी, आया नगर 5.3 मिमी, राजघाट 0.4 मिमी, पूसा 8.5 मिमी और मयूर विहार में 6.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि शाम साढ़े पांच बजे के बाद हुई बारिश के आंकड़े नहीं मिल सके। वहीं मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में सफदरजंग वेधशाला ने कुल 37.8 मिमी भारी बारिश दर्ज की। वहीं आया नगर में सबसे ज्यादा 95.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। दूसरे नंबर पर नजफगढ़ एरिया में 76.0 मिमी, पालम में 57.4 मिमी, लोदी रोड 35.2 मिमी, रिज एरिया में 26.4 मिमी, राजघाट 18.8 मिमी, पूसा 37.5 मिमी और मयूर विहार में 31.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.1 डिग्री नीचे है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.8 डिग्री कम है। आईएमडी ने बुधवार को लेकर गीन अलर्ट जारी करते हुए अनुमान जताया है कि आसमान पर आम तौर पर बादल छाए रहेंगे। एक या दो बार हल्की बारिश अथवा गरज के साथ छींटे पड़ सकते है। लेकिन कुछ स्थानों पर मध्यम बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बता दें कि एक सितंबर की शुरुआत भारी बारिश के साथ हुई और दूसरे दिन भी दिल्ली में अच्छी बारिश देखने को मिली है। संभावना है कि आईएमडी के अनुमान के विपरीत बुधवार को भी दिल्ली में झमाझम बारिश देखने को मिल सकती है।

## बाढ़ पीड़ितों से मिलीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, राहत कार्यों का लिया जायजा



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के समीप बाढ़ राहत शिविर के अलावा पुराने लोहे के पुल का दौरा कर यमुना के जलस्तर और प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने शिविरों में रह रहे प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता एवं राहत पहुंचाने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री का कहना है कि बाढ़ पर पूरी निगरानी रखी जा रही है और संबंधित विभाग बाढ़ के प्रकोप को कम करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि फिलहाल दिल्ली वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने राहत कार्यों में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित नागरिकों को आवश्यक वस्तुएं जैसे स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षित आवास का ध्यान रखा जाए और निरंतर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया अधिकतम पानी शाम तक दिल्ली पहुंच जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार विभागों ने पहले से ही व्यापक तैयारी कर रखी है। पिछले छह महीनों में जिस तरह से यमुना और नालों की डी-सिल्टिंग का काम किया गया है, उसका बड़ा लाभ मिला है। यमुना पर बने सभी बांधों के गेट खुले हुए हैं और कहीं भी पानी रुक नहीं रहा है। पानी का जितना तेज़ी से बहाव आ रहा है, उतना ही तेजी से आगे भी बढ़ रहा है। यमुना का पानी फिलहाल निर्बाध बह रहा है। शहर की तरफ से आने वाले अधिकतर नालों के बैरिकेड्स बंद कर दिए गए हैं, ताकि पानी का प्रवाह सही दिशा में बना रहे। उन्होंने कहा कि पानी के स्तर को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि अभी तक के आंकड़ों के अनुसार यह स्तर पिछले रिकॉर्ड को पार करने की स्थिति में नहीं है।

## बाढ़ से जूझ रहे कई गांव, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नजफगढ़ क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से जूझ रहे करीब 20 गांवों के ग्रामीणों ने मंगलवार को पालम 360 गांव के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में प्रशासन को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। ग्रामीणों ने इस संबंध में डीएम एम.सी. प्रसाद और डीसीपी अंकित सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मिलने के बाद डीएम ने संज्ञान लेते हुए चीफ इंजीनियर और एसडीएम को मौके पर भेजने के निर्देश दिए, ताकि हालात का आकलन कर राहत कार्यों को तेज किया जा सके।



दिल्ली के ढांसा, ईसापूर, झरोदा, मुंडेला, कैर, शिकारपुर, कांगणहेड़ी, रावता, दौराला, घुम्मनहेड़ा, दिचाऊ कला समेत कई गांवों में इन दिनों जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हरियाणा से आने वाला पानी और वहां की फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल इस समस्या को और विकराल बना रहा है। इससे न केवल खेतीबाड़ी चौपट हो रही है बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

डीएम एम.सी. प्रसाद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बीच होने वाली बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि प्रभावित गांवों को जल्द से जल्द राहत और स्थायी समाधान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### किसानों की फसलें डूबी, बढ़ गई चिंता, प्रशासन से गुहार

नई दिल्ली। दिल्ली में भारी बारिश व बाढ़ की मार से एक बार फिर किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। यमुना किनारे के गांवों में खड़ी धान की फसलें व सब्जियां लगभग डूब चुकी है। ऐसे में किसानों के सामने प्रशासन से गुहार लगाने के अलावा कोई चारा नहीं है। मंगलवार को बुराड़ी गांव के खेतों में बाढ़ के बीच फंसे कई किसानों को प्रशासन ने नाव द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। बुराड़ी निवासी किसान संदीप त्यागी ने बताया कि उन्होंने धान की फसल बो रखी है। पहले ही भारी बारिश से खेतों में लबालब पानी भरा हुआ था। लेकिन अब यमुना में बाढ़ आने से पानी खेतों में भर गया है और फसल लगभग खराब हो गई है। कुशक निवासी प्रवीण सैनी जो जमीन उगाही पर लेकर सब्जियों की खेती करते है का कहना है कि इस बार भी बारिश और यमुना में बाढ़ ने सब चौपट कर दिया है। प्रवीण ने कहा कि हम तो सरकार से सहायता की गुहार ही लगा सकते है बाकी तो भगवान मालिक है क्या होगा। जगतपुर गांव के राजे गुर्जर का कहना है कि बाढ़ का पानी लगभग 4-5 फुट भर गया है, अभी और तेजी से स्तर बढ़ रहा है। ऐसे में फसल तो खराब होनी ही है। बटाई व उगाही पर खेती करने वाले किसानों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे किसानों का कहना है कि कुछ को छोड़ अधिकांश खेत के मालिक को इससे कोई मतलब नहीं है कि बाढ़ या सूखे से फसल बर्बाद हुई, उसे अपनी उगाही से मतलब होता है। इन किसानों का दर्द है कि अगर सरकार किसानों को मुआवजा देती भी है तो वह खेत के मालिक को मिलता है, ऐसे में उसकी मर्जी है कि वह उगाही छोड़े या न छोड़े। नाम न छापने की शर्त पर एक किसान ने कहा कि अगर सरकार मुआवजा दे भी देगी तब भी हमारे खेत का मालिक हम से उगाही की रकम जरूर लेगा। अगर हमने मना किया तो वह अपना खेत किसी और को उगाही पर दे देगा। इसी प्रकार पल्ला , झंगोला, रमजानपुर , मोहम्मदपुर , जगतपुर व वजीराबाद सहित अन्य यमुना किनारे खेतों में यमुना की बाढ़ का पानी भर गया है। जबकि यमुना किनारे क्षेत्रों के रिहायशी क्षेत्रों में भी बाढ़ की आशंका से लोग परेशान है। हालांकि सरकार की तरफ से बांध के पुस्ते पर टेंट आदि लगाकर कैंप बनाए गए है जहां पीड़ित किसानों का खाने पीने आदि की सुविधा के दावे किए जा रहे है।

## किसानों की सर्वेक्षण और मुआवजे की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के उत्तरी राजस्व डीएम कार्यालय के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों में यमुना के उफनते जलस्तर ने तबाही मचा दी है। सब्जी और धान की फसलें जलमग्न होकर पूरी तरह खराब हो गई हैं। किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद होने से किसान बेहद परेशान हैं। वहीं, क्षेत्रीय राजस्व प्रशासन ने लगातार निगरानी का दावा किया है और प्रभावित इलाकों में लोगों को पानी भरे खेतों और बस्तियों में न जाने की चेतावनी दी है। निचले इलाकों से परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया गया है, लेकिन किसानों का दर्द अब भी जस का तस बना हुआ है। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा ने उनकी फसल को प्रभावित कर दिया है। इसलिए सरकार को खराब हुई फसलों का तुरंत सर्वेक्षण कराना चाहिए। यमुना किनारे बसे तिगीपुर गांव से राष्ट्रीय पदक विजेता प्रगतिशील किसान कुणाल गहलोत ने बताया कि तिगीपुर, पल्ला, सुंगरपुर, झंगोला आदि आसपास के दर्जनों गांव के किसानों की फसलें प्रभावित हो चुकी हैं और अब ये प्रभावित किसान सरकार से सर्वेक्षण और उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ताकि परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकें। पानी के चलते यमुना का जलस्तर बढने कई गांवों में सब्जी और धान की खेती जलमग्न हो गई है। गांवों में खड़ी फसल बर्बाद होने के कारण स्थानीय स्तर पर सब्जियों की सप्लाई पर भी असर पड़ सकता है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते राहत और पुनर्वास की ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों पर करज़ और आर्थिक संकट का बोझ और बढ़ेगा।



### अब किसानों को नहीं होना होगा राजनीति का शिकार

प्रभावित किसानों का कहना है कि पहले तो अलग-अलग सरकारें होने से किसान राजनीति का शिकार हो जाते थें और ऐसे समय में उन्हें राहत नहीं मिल पाती थी लेकिन अब दिल्ली में केंद्र और राज्य की सरकार एक ही पार्टी से है। ऐसे में जनहित में सवाल उठता है कि क्या सरकार प्रभावित किसानों को त्वरित सहायता देकर उनके जीवन और रोज़गार की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी? बर्बाद फसलों का सही और पारदर्शी सर्वेक्षण ही इस संकट में किसानों का भरोसा वापस ला सकता है।

## घरों तक घुसा पानी, पार्षद मदद को पानी में उतरे



नई दिल्ली। नजफगढ़ क्षेत्र के गीतांजलि एन्क्लेव में भारी बारिश के बाद जलभराव की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बाढ़ जैसी स्थिति बनने से कई घरों में पानी घुस गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय निगम पार्षद एवं दिल्ली नगर निगम शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएँ सुनीं और राहत कार्यों में स्वयं शामिल होकर पीड़ितों की मदद की। निगम प्रशासन स्थायी समाधान के लिए नालों की सफाई और जल निकासी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

### अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अमित खरखड़ी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आदेश दिए कि क्षेत्र से तुरंत पानी की निकासी कराई जाए और लोगों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देश दिए कि दवाइयों का छिड़काव और सफाई का काम तुरंत शुरू किया जाए, ताकि बीमारी फैलने की कोई आशंका न रहे।

### यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर उठाए ठोस कदम : कुलजीत

नई दिल्ली। यमुना के बढ़ते जलस्तर और भारी वर्षा की चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने कई ठोस कदम उठाए हैं। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजधानी क्षेत्र में यमुना के बढ़ते जलस्तर और लगातार हो रही भारी वर्षा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस और तात्कालिक कदम उठाए हैं। एनडीएमसी ने आपात तैयारी, नालों की डी-सिल्टिंग, जल निकासी व्यवस्था और दिन रात सातों दिन नियंत्रण कक्ष जैसी महत्वपूर्ण पहलें लागू की हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि एनडीएमसी नागरिक हितैषी विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है।

### लाउडस्पीकर से चालक ने की घोषणा: 'बस आगे नहीं जाएगी'

# क्लस्टर बस चालकों की मनमानी यात्रियों को बीच रास्ते में उतारा

**जनहित में दिल्ली सरकार दे ध्यान**

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में भारी बारिश के बाद सड़क पर जलभराव की आड़ में क्लस्टर बस चालक मनमानी कर रहे हैं। मंगलवार को मुकरबा चौक के पास एक ऐसा ही मामला सामने आया, जिसने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी। बता दें कि मंगलवार को रूट नंबर 144 पर सिंघु बॉर्डर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच संचालित हो रही थी। इस दौरान मुकरबा चौक के पास जीटीके बस डिपो से जहांगीर पुरी की ओर जा रही क्लस्टर बस के चालक ने मुकरबा चौक पर अचानक बस में लगे लाउडस्पीकर पर घोषणा की कि 'आगे पानी भरा हुआ है, बस नहीं जाएगी, सभी यात्री उतर जाएं।' इस घोषणा से बस में बैठे अधिकांश यात्रियों को मुकरबा चौक पर बीच रास्ते में ही मजबूरन उतरना पड़ा। हालांकि, जिन यात्रियों को आजादपुर की ओर जाना था, उन्होंने सवाल उठाया कि या तो मजलिस पार्क से होते हुए आजादपुर होते हुए बस लेकर चले या फिर जब अन्य बसें जहांगीरपुरी की तरफ उसी मार्ग से जा रही हैं तो यह बस क्यों नहीं जा सकती? इस पर दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री और डीटीसी प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए और लापरवाही बरतने वाले पर नियमानुसार एक्शन लेना चाहिए ताकि बस यात्रियों को बीच में उतरने की नौबत ना आए।



### आपत्ति जताने पर बोला चालक कंपनी को 10 लाख रुपये भरने होंगे

यात्रियों ने आपत्ति जताई तो बस चालक और यात्रियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। चालक ने सफाई दी कि "अगर बस पानी में फंस गई तो मुझे कंपनी को 10 लाख रुपये भरने होंगे। यात्रियों के दबाव के बाद चालक ने बस आगे बढ़ाई, लेकिन हकीकत सामने आई कि रास्ते में "न जलभराव था और न ही जाम के हालात हैं।

### बस संचालन में तालमेल की कमी, जिम्मेदारी किसकी?

जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार के तहत संचालित होने वाली इन क्लस्टर बसों में चालक 'प्राइवेट कंपनी का कर्मचारी' होता है, जबकि कंडक्टर 'दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी)' की ओर से तैनात किया जाता है। ऐसे में बस संचालन में तालमेल की कमी और निजी चालकों की मनमानी का खामियाज़ा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। ऐसे में जिम्मेदारी किसकी बनती है।

### बीच रास्ते में यात्री को उतार देना लापरवाही

यात्रियों का कहना है कि चालक बिना सही जानकारी के ही मनमानी कर रहे हैं। सोमवार को भले ही वहां पानी रहा हो, लेकिन मंगलवार को सड़क पूरी तरह साफ थी। दैनिक अपडेट न लेना और यात्रियों को बीच रास्ते उतार देना सीधी-सीधी लापरवाही है।

### डीयू कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए सुविधाओं का अभाव

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध अधिकांश कॉलेजों में दिव्यांग छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव है। फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह को पत्र लिखकर कहा है कि यूजीसी के निर्देशों और दिव्यांग कानून (1995) के बावजूद करीब 80 प्रतिशत कॉलेजों और विभागों में दिव्यांगों के लिए न तो रैम्प, लिफ्ट, टेक्सटाइल फ्लोरिंग, ब्रेल चिन्ह, ध्वनि संकेत, विशेष व्हीलचेयर और न ही शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। फोरम का कहना है कि जब तक दिव्यांगों को शिक्षा और कार्यस्थल पर समान अवसर और अनुकूल माहौल नहीं मिलेगा, तब तक समावेशी शिक्षा का सपना अधूरा रहेगा। फोरम ने आरोप लगाया कि यूजीसी से कॉलेजों को हर साल भवन रखरखाव और दिव्यांगों की सुविधा के लिए ग्रांट मिलती है, लेकिन उस धन को अन्य मदों में खर्च कर दिया जाता है और झूठे उपयोगिता प्रमाणपत्र दाखिल किए जाते हैं।

## फोटो खिंचवाने से नहीं मिलेगी दिल्ली को कूड़े से आजादी : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को कूड़े से आजादी दिलानी है तो उनको जमीन पर उतरना होगा। सिर्फ फोटो खिंचवाने से दिल्ली साफ नहीं होगी। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से लोगों द्वारा भेजी गई कूड़े की तश्वीरों का बैनर बनाकर एक आयोजित की गई प्रदर्शनी में भाजपा के मेगा सफाई अभियान की पोल खोलते हुए यह नसीहत दी। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जगह-जगह जमा कूड़े को लेकर भाजपा की चार इंजन की सरकार के खिलाफ एक नए अंदाज में विरोध जताया। वहीं, एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण देशमुख ने कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। भाजपा का दिल्ली के कामों पर कोई ध्यान नहीं है। कहीं जलभराव, कहीं सड़कें टूटी, तो कहीं कूड़ा-कचरा मिलता है। मंगलवार को जीबी पंत अस्पताल के पास वार्ड 77 में आयोजित कूड़ा प्रदर्शनी के दौरान अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पहले 1 से 31 अगस्त तक सफाई अभियान चलाया था।

जो अब 2 अक्टूबर तक बढ़ाया गया है। इसके बावजूद दिल्ली में जगह-जगह कूड़े का अंबार पड़ा है। इस अवसर पर बुराड़ी विधायक संजीव झा, पूर्व विधायक राजेश गुप्ता, प्रीति डोगरा और आम आदमी पार्टी के सभी निगम पार्षद मौजूद रहे।



■ प्रदर्शनी लगाकर खोली स्वच्छता अभियान की पोल

# दिल्ली के चिड़ियाघर में दो स्टार्क पक्षियों की मौत के बाद गाजियाबाद में अलर्ट

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों एवं नगर निगम से आए अधिकारियों को साफ सफाई कराने, चूना आदि कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के लिए निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली के चिड़ियाघर में दो स्टार्क पक्षियों की मौत के बाद पूरे प्रदेश के साथ गाजियाबाद में भी बर्ड फ्लू बीमारी के प्रति हाई अलर्ट घोषित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने मंगलवार को बीमारी फैलने पर उससे बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स की बैठक विकास भवन सभागार में की।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी पाण्डेय ने बीमारी की पुष्टि होने की दशा में विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया। यह कहा कि आम जनमानस को भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि उबालने के बाद उसका वायरस मर जाता है। अतः मुर्गियों के मीट और अण्डे द्वारा यह बीमारी फैलने की न्यूनतम संभावना है। हम उसको पका कर या उबाल कर खाते हैं।

## सीडीओ ने की समीक्षा, विभागों को दिए सतर्कता बरतने के आदेश

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों एवं नगर निगम से आए अधिकारियों को साफ सफाई कराने, चूना आदि कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पंचायती राज विभाग, विकास विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, पुलिस विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग सहित टास्क फोर्स में शामिल सभी विभागों को स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित द्वारा बताया गया कि बीमारी की सूचना देने हेतु कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था की गई है।



## पोल्ट्री फार्म से 400 से अधिक सैंपल लेकर जांच

बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी बताया कि गाजियाबाद बर्ड फ्लू को लेकर गाजियाबाद का पशु चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी लगातार जिले के पोल्ट्री फार्म का भ्रमण कर रहे हैं। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गाजियाबाद के विभिन्न पोल्ट्री फार्म से 400 से अधिक सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों का कहना है कि पहले भी जांच के लिए सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए थे लेकिन सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। पशु चिकित्सा विभाग के मुताबिक गाजियाबाद में कुल 16 पोल्ट्री फार्म है। जिनमें से 8 पोल्ट्री फार्म संचालित हो रहे हैं जबकि 8 पोल्ट्री फार्म बंद पड़े हुए हैं। गाजियाबाद में संचालित होने वाले 8 पोल्ट्री फार्म में कुल 1.21 लाख लेयर मुर्गियां है। जबकि ब्रायलर की संख्या 9.2 हजार हैं। जिले के पोल्ट्री फॉर्म में कुल 2.13 लाख मुर्गी मुर्गियां है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा सभी पोल्ट्री फार्म को एडवाइजरी जारी की गई है। बर्ड फ्लू की स्थिति गाजियाबाद में शून्य है। जिले के सभी पोल्ट्री फार्म से कुल 401 सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। फिलहाल जिले में बर्ड फ्लू की स्थिति शून्य है। अभी तक किसी भी सैंपल के पॉजिटिव पाए जाने की सूचना नहीं है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं ने प्रभारी हरिप्रसाद से मुलाकात की



**फरीदाबाद।** जिले के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद से 24 अकबर रोड एआईसीसी पर मुलाकात की। जिस मौके पर उन्होंने कांग्रेस सृजन अभियान पर लंबी चर्चा भी की। जिस पर बीके हरिप्रसाद ने वरिष्ठ नेताओं की बात को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि आपके कांग्रेस हित में उठाए गए मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पंजाबी नेता गुलशन बग्गा, डॉ. धर्म देव आर्य, पंजाबी नेता अनीष पाल, पंजाबी नेता राजेश आर्य, गौरव चौधरी आदि अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर की ठगी

फरीदाबाद। वीडियो वायरल करने का डर दिखा कर 194200 रुपए की ठगी के मामले में आरोपी



खाताधारक को पुलिस गिरफ्तार किया है। साइबर थाना में एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास किसी ने कॉल किया और कहा कि लड़की के साथ एक गलत वीडियो उसके पास है डिलिट करवाना है तो पैसे भेजने होंगे नहीं तो वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। जिस पर शिकायतकर्ता ने 194200 रूपए ठगों के बताए खाता में भेजे।

## लगातार बारिश के बीच जिला प्रशासन ने शुरू की निगरानी

# निगम आयुक्त के साथ सभी विभागों के अधिकारी कर रहे शहर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम फरीदाबाद, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, एफएमडीए और नेशनल हाईवे अथॉरिटी की संयुक्त टीम ने आज निगम आयुक्त के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।

लगातार हो रही बारिश और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के मद्देनज़र जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम फरीदाबाद, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, एफएमडीए और नेशनल हाईवे अथॉरिटी की संयुक्त टीम ने आज निगम आयुक्त के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा एवं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद की प्रशासक अनुपमा अंजली ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के समीप पिलर नंबर 630 के पास जलभराव की गंभीर स्थिति का जायजा लिया।

### नालों की सफाई का अधिकारी अपने-अपने जोन में रखें ध्यान

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को तुरंत जलभराव की निकासी करने और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां से गुजरने वाली स्ट्रांग वाटर लाइन की तुरंत सफाई करने के निर्देश दी और कहा कि क्लार्क के आसपास भरे हुए पानी को तुरंत स्टॉर्म वॉटर लाइन में डाला जाए ताकि मेट्रो पिलर को भी कोई नुकसान न पहुंचे साथ ही आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई कराई जाए।



### जलभराव की समस्या से त्वरित निपटने के निर्देश

नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि बारिश के मौसम में कहीं भी जलभराव की समस्या आमजन के लिए परेशानी का कारण नहीं बननी चाहिए। इस संदर्भ में नेशनल हाईवे व स्टॉर्म वाटर लाइन से विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि नेशनल हाईवे के साथ.साथ अन्य प्रमुख मार्गों पर भी जहां-जहां जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि यातायात किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने सेक्टर 28 में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर चलाए गए 11 सप्ताह के हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत चल रही सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

# 25 हजार की रिश्वत लेते 3 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चोरी का माल खरीदने के आरोप में कबाड़ा गोदाम के मालिक को छोडऩे के बदले 25 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने एक ईएएसआई सहित तीन को गिरफ्तार किया है।तीनों आरोपी सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच में तैनात थे। अज्जी कॉलोनी के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसके मकान के नीचे उसकी कबाड़े की दुकान है। उसकी दुकान पर सोमवार सुबह चार बजे सफेद कार में चार पुलिस कर्मी आए और उनके पिता को पूछताछ के नाम उठाकर ले गए।

पुलिस कर्मियों का कहना था कि उन्होंने एक चोर को पकड़ा है। उसने चोरी के लोहे एंगल उनके पिता को बेचना बताया है। इन एंगलों के बारे में उनके पिता से पूछताछ करनी है। इस के बाद वह अपने पिता के दोस्त हाफिज के पास गए और सारी कहानी बताई।

वह और हाफिज दोनों सेक्टर-65 क्राइम ब्रांच में पता लगाने के लिए गए। वहां पर क्राइम ब्रांच के इंचार्ज ईएएसआइ संजय कुमार, हवलदार खालिद, हवलदार फारुख ने उनके पिता को चोरी का माल न खरीदने के आरोप में छोड़ने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी।

## टैक्स जमा न करने पर 8 यूनिट सील

# प्रॉपर्टी टैक्स को जिम्मेदारी समझ कर समय पर अदा करे जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी द्वारा अलग अलग स्थानों पर 8 यूनिट को सील किया गया है जिसमें दुकान, वर्कशॉप और प्राइवेट क्रिकेट एकेडमी भी शामिल है।

नगर निगम टीम ने विभिन्न सरकारी और निजी प्रॉपर्टियों से लगातार प्रॉपर्टी टैक्स रिकवर किया है। अब फिर इस दिशा में सीलिंग की कार्यवाही शुरू की गई है, जिसमें शिव दुर्गा विहार-2 में सूरजकुंड इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी पर भी 4 लाख से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था, उसे भी सील किया गया है। इसके अलावा शिव दुर्गा विहार में एक यूनिट पर 2 लाख से ज्यादा का टैक्स बकाया था, जबकि 6 यूनिटों को बल्लभगढ़ में सील किया गया है।

## 3 ट्रैफिक कर्मी सस्पेंड

# विदेशी पर्यटक से रिश्वत लेने का वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जापानी टूरिस्ट से रिश्वत लेने के आरोप में डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने तीन ट्रैपिक कर्मियों को सस्पेंड किया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल होने पर डीसीपी ने रिश्वतखोरी के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की।

दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब जापानी नागरिक केल्टो ने सोमवार देर शाम अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला। जिसमें उन्होंने बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने उनसे बिना रसीद दिए 1000 रुपए रिश्वत ली। केल्टो ने लिखा- वाह! गुरुग्राम पुलिस ने एक जापानी टूरिस्ट से




1000 रुपए ले लिए, वो भी बिना रसीद। इस तरह वे विदेश में भारत की छवि खराब करते हैं।

वीडियो वायरल होते ही मामला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया। इसके बाद डीसीपी ट्रैफिक डॉ. राजेश मोहन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए करते हुए ट्रैफिक पुलिस में तैनात जेडओ ईएसआई करण सिंह, कांस्टेबल शुभम और होमगार्ड भूपेंद्र को सस्पेंड कर दिया।

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी

रिश्वतखोरी के खिलाफ पुलिस की नीति जीरो टॉलरेंस की है। इसलिए इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैफिककर्मियों को सस्पेंड किया गया है। पूरी घटना की गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जनता से अपील कि अगर कहीं भी ऐसी गलत हरकत दिखे तो तुरंत जानकारी दें, ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हों।

डॉ. राजेश मोहन,
डीसीपी ट्रैफिक

## ट्रॉनिका सिटी इलाके में की थी लूट

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, दो को लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने लूट की वारदात अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को सोमवार की रात में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से दो बदमाश घायल हो गए। उनके कब्जे से 2 अवैध तमंचे 0.315 बोर 2 खोखा कारतूस, 2 जिन्दा कारतूस व लूटी गई स्कूटी व नगदी 2800 रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी एसएन तिवारी ने बताया कि थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस गेट नंबर 2 के पास संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने 3 संदिग्धों को रूकने का इशारा किया परंतु वे न रूकते हुए भागने लगे तथा पुलिस ने उनका पीछा किया तो स्कूटी पर सवार तीनों बदमाशों ने अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। जिस पर पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में फायर किया जिसमें दो युवकों के पैर में गोली लग गई।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

ई. निविदा सूचना संख्या: ई.एल.–टेस्टिंग–ओ.टी–2025–26आर टी, दिनांक: 30.08.2025, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेडक्वार्टर/रे.प.का./बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई. खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) **कार्य का नाम, स्थान तथा कार्य सम्पन्न होने का समय:** आर.डब्ल्यू.पी. बेला में 132/11 के.वी. स्विच यार्ड उपकरण का परीक्षण। कार्य अवधि 5 माह (2) **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 515070/– (रुपये पांच लाख पंद्रह हजार सत्तर मात्र) (3) **धरोहर राशि:** रु. 10300, (रु. दस हजार तीन सौ मात्र) (4) **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. 2000/– (रु. दो हजार मात्र, अप्रतिदेय) (5) **निविदा जमा करने एवं खुलने का तिथि तथा समय:** निविदाडालने की प्रारम्भतिथि 08.09. 2025, बंद होने की तिथि 22.09.2025 को 14:30 बजे। टेन्डर खुलने की तिथि 22.09.2025 को 15: 00 बजे या बाद में (6) **वेबसाईट का विवरण सूचना पट्ट जहाँ से निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा कागजात खरीदा जा सकता है:** निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक बेवसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (www.ireps.gov.in) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उपमुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर
रेल पहिया कारखाना, बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी मी टी/2025–26/63

**चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय** : 522, 5वां तल, डीएलएफ गैलेरिया कमर्शियल कॉम्पलैक्स, डीएलएफ सिटी फेज IV, गुरूग्राम, हरियाणा–122009
CIN: L51909HR1984PLC133745
Email : info@cpil.com, cs@cpil.com
Website : www.cpil.com

**सूचना**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो**

भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") सरकुलर नं. SEBI/HO/MIRSD/ MIRSD-POD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई 2025 के अनुसरण में, शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ट्रांसफर डीड्स, जो फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण के लिए समय सीमा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व दायर किए गए थे और दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी की वजह से अथवा अन्यथा निरस्त कर दिये गये अथवा लौटा दिये गये अथवा ध्यान नहीं दिया गया, के पुनः दायर करने के सरलीकरण हेतु 06 (छह) माह की अवधि के लिए 07 जुलाई 2025 से 06 जनवरी 2026 तक एक स्पेशल विंडो खोली गई है। इस अवधि के दौरान प्रतिभूतियां कम्पनी के पास हस्तांतरण हेतु पुनः दायर की जा सकती हैं और **शेयर, जो हस्तांतरण–सह–डिमैटीरियलाइजेशन के लिए पुनः दायर किए जाते है, केवल डिमैट मोड में जारी किए जाएंगे।**

शेयरधारक जो अवसर का लाभ उठाने के इच्छुक है, से आग्रह किया जाता है कि उपरोक्त समय–सीमा के अंदर फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह को हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, यूनिट : चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड, 4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर पुनः दायर करें, सम्पर्क नं. : 011-42541955 ; चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड, 522, 5वां तल, डीएलएफ गैलेरिया टावर, डीएलएफ सिटी फेज IV, गुरूग्राम-122009, हरियाणा, ई-मेल आइडी cs@cpil.com.

सम्बन्धित शेयरधारक(ों) को इस एक-बारगी विंडो का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

कृते चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/–
(गजराज जैन)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00049199

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 02.09.2025

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएनः L74210DL1987PLC029979
**पंजीकृत कार्यालयः** 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोनः 011–42504954 / 4878, फैक्सः 28293822
ईमेल आईडीः sbecsystems@rediffmail.com वेबसाइटः www.sbecsystems.in

**36वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि **एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड** ('कंपनी') के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') **गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को दोपहर 02:00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') सुविधा/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी लागू परिपत्रों (सामूहिक रूप से "प्रासंगिक परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के साथ एजीएम को बुलाने की सूचना में निर्धारित अनुसार व्यवसाय करने के लिए आयोजित की जाएगी।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट 02 सितंबर, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा कंपनी के उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिनके ईमेल पते 29 अगस्त, 2025 तक कंपनी/कंपनी के आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत हैं। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट और अन्य प्रासंगिक विवरण कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

**एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग के लिए निर्देशः**

कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("ई–वोटिंग") द्वारा एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर अपना वोट देने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य नीचे उल्लिखित तिथियों पर सीडीएसएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके दूरस्थ रूप से अपना वोट डाल सकते हैं ("रिमोट ई–वोटिंग")। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान करने की सुविधा भी एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान मतदान कर सकेंगे।

ई–वोटिंग से संबंधित उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के विवरण सहित सूचना और निर्देश नोटिस में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए समान लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाना चाहिए।

डीमैटरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनके लिए एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और मतदान का तरीका नोटिस में प्रदान किया गया है जो कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है।

दूरस्थ ई–वोटिंग का विवरण इस प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| रिमोट ई–वोटिंग के लिए कट–ऑफ तिथि | गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 |
| रिमोट ई–वोटिंग अवधि | **प्रारंभः** सोमवार, 22 सितंबर, 2025 प्रातः 9:00 बजे<br>**समाप्तः** बुधवार, 24 सितंबर, 2025 सायं 5:00 बजे |

उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उक्त अवधि की समाप्ति पर सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को तत्काल निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

केवल वही व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि यानी गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 को सदस्य के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने या एजीएम में भाग लेने और एजीएम के दौरान मतदान करने का हकदार होगा।

**ई–मेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीकाः**

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास डीमैटरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए शेयरों के संबंध में तथा भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 तथा फॉर्म संख्या SH-13 (कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर या RTA के www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध) को विधिवत भरकर तथा हस्ताक्षरित करके आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली – 110062 पर जमा करके अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट करें या beetalrta@gmail.com पर ई–मेल करें।

कोई भी व्यक्ति जो नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि तक शेयर रखता है, वह नोटिस में दिए गए तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, जो कंपनी की वेबसाइट, स्टॉक एक्सचेंज और सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे सदस्य नोटिस में निर्दिष्ट तरीके से ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025 से गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

**जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम में फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।**

यदि आपके पास ई–वोटिंग के बारे में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई–वोटिंग मैनुअल को www.evotingindia.com पर सहायता अनुभाग के अंतर्गत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 को संबोधित की जा सकती हैं या helpdesk-evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
हिमानी मित्तल
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 02.09.2025

**MOHIT मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड**
CIN: L21093DL1992PLC116600
**पंजीकृत कार्यालयः 15ए/13, ऊपरी भूतल, पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली–110008**
**कार्यालयः 9 कि.मि. स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701**
**फोनः 011– 25886798,**
**वेबसाइटः** www.mohitpaper.in, **ईमेलः** investorsmohitpaper@gmail.com

**33वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और सदस्यों को ई–वोटिंग की जानकारी**

यह 27 अगस्त, 2025 को दिए गए हमारे पहले के संचार के क्रम में है, जिसके द्वारा मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया गया था कि कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ["सेबी सूचीकरण विनियम"] के प्रावधानों के अनुपालन में क्रमशः एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के साथ, कंपनी की 33वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को शाम 4:00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") या अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") द्वारा, एक सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 33वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों को पूरा करने के लिए आयोजित की जाएगी।

31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की 33वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट भेजने की प्रक्रिया, ई–वोटिंग सहित वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने के लिए लॉगिन विवरण के साथ, 02 सितंबर, 2025 को ई–मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को पूरी हो गई है, जिनके ई–मेल पते कंपनी या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के साथ उपरोक्त एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुसार पंजीकृत थे, साथ ही ये कंपनी की वेबसाइट www.mohitpaper.in पर और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर और आरटीए यानी एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध हैं। वार्षिक रिपोर्ट की हार्ड/इलेक्ट्रॉनिक प्रति उन शेयरधारकों को भी भेजी जाएगी जो investorsmohitpaper@gmail.com पर हमें लिखकर इसके लिए अनुरोध करते हैं।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक – 2 और एमसीए परिपत्रों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुपालन में, सदस्यों को 33वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर https://instavote.linkintime.co.in लिंक का उपयोग करके रिमोट ई–वोटिंग (एजीएम से पहले) और ई–वोटिंग (एजीएम के दौरान) के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने वोट डालने की सुविधा प्रदान की जाती है। कंपनी के शेयरधारक https://instameet.linkintime.co.in लिंक का उपयोग करके वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं। एजीएम की सूचना में निर्देश दिए गए हैं कि कैसे शेयरधारक रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से या एजीएम के समय ई–वोटिंग करके अपना वोट डाल सकते हैं कट–ऑफ तिथि अर्थात 19 सितंबर, 2025 ("कट–ऑफ तिथि") को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य वीडियो कॉन्फ्रेंस वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॅनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।

इसके अलावा, सेबी लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी ने उन शेयरधारकों को एक पत्र भेजना शुरू कर दिया है जिनके ई–मेल पते कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वेबसाइट से वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए एक वेब–लिंक प्रदान किया गया है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है किः

1. 33वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित कार्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के माध्यम से किए जाएँगे;
2. दूरस्थ ई–वोटिंग **मंगलवार, 23 सितंबर 2025 को प्रातः 9:00 बजे** (भारतीय मानक समय) से शुरू होगी;
3. दूरस्थ ई–वोटिंग **गुरुवार, 25 सितंबर 2025 को सायं 5:00 बजे** (भारतीय मानक समय) पर समाप्त होगी;
4. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या 33वीं वार्षिक आम बैठक में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि **शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025** है और जो व्यक्ति अंतिम तिथि तक सदस्य नहीं है, वह इस सूचना को केवल सूचना के उद्देश्य से देख सकता है;
5. वह व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और 33वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और शेयर धारण करता है तथा मतदान करने के लिए पात्र है, वह कंपनी के आरटीए से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, जैसा कि एजीएम की सूचना में दिया गया है या हमें instameet@linkintime.co.in/ delhi@in.mpms.mufg.com पर ईमेल लिख सकता है या संपर्क कर सकता हैः – दूरभाषः 022–4918 6000, 011–41410592। यदि ऐसा व्यक्ति ई–वोटिंग के लिए एमयूएफजी के साथ पहले से पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग मतदान करने के लिए किया जा सकता है।
6. सदस्य ध्यान दें किः क) मतदान के लिए उपरोक्त तिथि और समय के बाद आरटीए द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिए जाने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं होगी; (ख) जिन सदस्यों ने वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दिया है, वे भी वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोट देने का अधिकार नहीं होगाः (ग) वार्षिक आम बैठक में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगीः और (घ) केवल वही व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि तक दर्ज है, उसे वार्षिक आम बैठक में वोटिंग के साथ–साथ रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का अधिकार होगा।
7. श्री अंकित जैन, कार्यरत कंपनी सचिव (सीओपी संख्या 26724) को कंपनी द्वारा 33वीं वार्षिक आम बैठक में संपूर्ण ई–वोटिंग प्रक्रिया की अधिनियम एवं नियमों के लागू प्रावधानों के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
8. संवीक्षक 33वीं वार्षिक आम बैठक में मतदान की समाप्ति के बाद, लेकिन वार्षिक आम बैठक की समाप्ति के 2 (दो) कार्यदिवसों के भीतर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगाय बैठक के अध्यक्ष या उनके द्वारा इस हेतु अधिकृत कोई अन्य व्यक्ति, संवीक्षक द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही, 33वीं वार्षिक आम बैठक में लिए गए प्रस्तावों पर मतदान के परिणाम की घोषणा करेगा। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.mohitpaper.in पर उपलब्ध कराए जाएँगे और साथ ही बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और आरटीए (क्षेत्रीय प्रशासन) को https://instavote.linkintime.co.in पर भी सूचित किए जाएँगे।
9. रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में मतदान से संबंधित मुद्दों और चिंताओं सहित किसी भी प्रश्न के मामले में आप Instavote-MUFG पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और इंस्टावोट ई–वोटिंग मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं या delhi@in.mpms.mufg.com पर ई–मेल लिख सकते हैं या 022–49186000 पर कॉल कर सकते हैं।
10. सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/एमआईआरएसडी/एमआईआरएसडी–पीओडी/पी/सीआईआर/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 के अनुसार, भौतिक शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए 6 जनवरी, 2026 तक एक विशेष विंडो उपलब्ध है, जिसके माध्यम से वे 1 अप्रैल, 2019 से पहले मूल रूप से प्रस्तुत किए गए लेकिन अस्वीकृत/वापस/अधूरे स्थानांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज कर सकते हैं। ऐसे स्थानांतरण केवल डीमैट रूप में संसाधित किए जाएँगे, और आवेदकों के पास एक डीमैट खाता होना चाहिए और उन्हें क्लाइंट मास्टर लिस्ट (सीएमएल), शेयर प्रमाणपत्र और आवश्यक दस्तावेज प्रदान करने होंगे। बिना किसी स्वामित्व विवाद वाले वैध मामलों पर विचार किया जाएगा। पात्र शेयरधारक कंपनी के आरटीए, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली (ईमेलः delhi@in.mpms.mufg.com, वेबसाइटः https://in.mpms.mufg.com/) या कंपनी से investorsmohitpaper@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। अनुरोध सभी प्रकार से पूर्ण रूप से सेबी द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले प्रस्तुत किए जाने चाहिए

बोर्ड के आदेशानुसार
मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड के लिए
हस्तान्तरण/–
(तन्वी जैन)
कंपनी सचिव

दिनांकः 03 सितंबर, 2025
स्थानः नई दिल्ली

सीओ कोतवाल और चौकी इंचार्ज नपे, मांगी गई रिपोर्ट

# एलएलबी छात्रों पर लाठी चार्ज, सीएम योगी की कड़ी नाराजगी

बाराबंकी में श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय में एलएलबी कोर्स की मान्यता को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज का मामला बढ़ गया है। सीएम के ध्यान देने पर सीओ सिटी निलंबित और कोतवाल हटा दिए गए हैं

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के बाराबंकी में रामस्वरूप विश्वविद्यालय के एलएलबी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की घटना का सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई पर सख्त नाराजगी जताई है। सीओ सिटी हर्षित चौहान को हटाने निर्देश दिए हैं। लाठी चार्ज की घटना की जांच आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार को सौंपी गई है।

इसके अलावा शहर कोतवाल आरके राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। सीओ को एसपी ऑफिस में संबद्ध किया गया है। लाठी चार्ज में घायल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को जिला अस्पताल में इलाज कराने के बाद वापस घर भेज दिया गया। साथ ही मंडलायुक्त अयोध्या को रामस्वरूप विवि की डिग्री की वैधता की जांच के आदेश दिए गए हैं। सीएम ने शाम तक रिपोर्ट मांगी है।



## एबीवीपी कार्यकर्ता भी छात्रों के समर्थन में पहुंचे थे

छात्रों का आरोप है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता न होने के बाद भी यहां एलएलबी, बीबीए एलएलबी व बीए एलएलबी में अवैध तरीके से प्रवेश लेकर कक्षाओं का संचालन हो रहा है। बीते कई दिनों से इस मामले पर यहां के छात्र आंदोलित हैं। सोमवार सुबह छात्र यूनिवर्सिटी परिसर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान लखनऊ व समीप के जिले के कुछ एबीवीपी कार्यकर्ता भी समर्थन में पहुंच गए।

### विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों सहित 24 घायल

छात्रों को खदेड़ने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई लाठी की चपेट में आकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री अभिषेक बाजपेई, जिला संयोजक अनुराग मिश्रा, अभय शंकर पांडे, अंकित पांडे, नवीन, अर्पित शुक्ला, आशुतोष राय, प्रत्यूष पाण्डेय, अंकुर अवस्थी, सिद्धार्थ तिवारी, विदित प्रताप सिंह, योगेश सिंह, पुष्पेंद्र बाजपेई अभय शुक्ला समेत करीब 24 छात्रों को चोट आने का दावा किया गया है। इनमें छह को अधिक चोट आने पर मेयो अस्पताल में व दो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रों ने सीओ सिटी हर्षित चौहान पर लाठी चार्ज करवाने का आरोप लगाया है।

## खबर संक्षेप

### बिहार के मतदाताओं को मिलेंगे 'स्मार्ट वोटर आईडी'

**पटना।** चुनाव आयोग ने बिहार में फर्जी वोटर को हटाने व चुनाव को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया। अब चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को नई तकनीक से जोड़ने का फैसला लिया है। 30 सितंबर को फाइनल मतदाता सूची जारी हो जाएगी। इसके बाद मतदाताओं को नए टेक-इनेबल्ड वोटर आईडी कार्ड मिलने शुरू हो जाएंगे।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी सस्पेंड

**लखनऊ।** यूपी में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई करते हुए आबकारी



मंत्री नितिन अग्रवाल ने महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन पर रिश्वत लिए जाने का आरोप था। अभी हाल में वर्मा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे रिश्वत लेते नजर आए थे। जिसका संज्ञान लेते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिलाधिकारी महोबा द्वारा जांच कराई गई।

योगी कैबिनेट में 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी दे दी गई। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश में आउटसोर्सिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा।

यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा।

**खास बातें**

- कर्मचारी तीन वर्षों के लिए अपनी सेवाएं दे सकेंगे
- वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे खातों में आ जाएगा



### प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल

आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है। इस निर्णय के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक कर्मचारी को उसका पूरा हक मिले और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा।

### क्यों जरूरी था निगम का गठन

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितताओं को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह निगम गठित किया गया है।

### पारिवारिक संपत्ति बंटवारे को लेकर बड़ी राहत

मंत्रिमंडल ने परिवारों को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति के बंटवारे में दस्तावेजों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क की सीमा पांच हजार रुपए तय करने को मंजूरी दे दी। अब तक संपत्ति के बंटवारे पर संपत्ति के मूल्य पर चार प्रतिशत स्टाम्प शुल्क और एक फीसद पंजीकरण शुल्क लगाया जाता था, जिसकी वजह से परिवार संपत्ति के दस्तावेज दर्ज कराने से हतोत्साहित होते थे और दीवानी व राजस्व अदालतों में विवाद बढ़ते थे।

अनुप्रिया ने कहा- केंद्र सरकार जल्द ही

# पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का गठन करेगा!



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार ने मंलवार को कैबिनेट बैठक में आउटसोर्सिंग निगम गठन की मंजूरी दे दी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने योगी सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए मांगों की झड़ी लगा दी। अनुप्रिया पटेल लंबे समय से ओबीसी मंत्रालय का गठन और क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाने की मांग करती चली आ रही हैं।

### अनुप्रिया पटेल ने की पार्टी की समीक्षा बैठक

अनुप्रिया पटेल ने पार्टी की समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में योगी सरकार की ओर से आउटसोर्सिंग निगम का गठन किए जाने का अनुप्रिया पटेल ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की यह लंबे समय से मांग थी और इसे अब पूरा कर लिया गया। अब आउटसोर्सिंग में भी आरक्षण का लाभ मिलेगा। ओबीसी मंत्रालय के गठन को लेकर केंद्र सरकार पर निगाहें टिकाए अनुप्रिया पटेल ने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि केंद्र सरकार जल्द ही पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का भी गठन करेगा।

### विपक्ष पर भी निशाना साधा

साथ ही अनुप्रिया पटेल ने ओबीसी क्रीमीलेयर की आय सीमा आठ लाख रुपए से 15 लाख रुपए किए जाने की भी मांग की। अनुप्रिया पटेल ने इस दौरान विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष ओछी राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए अपशब्द कहना निंदनीय है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता जुटें।

## पेज एक का शेष

### बोले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट...

**दिखावटी रही एससीओ की बैठक :** बेसेंट ने यह भी कहा कि एससीओ की ये बैठक लंबे समय से तय थी। जिसे अमेरिकी वित्त मंत्री ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन यानी दिखावा करार दिया। साथ ही कहा कि भारत जो कि दुनिया का एक बड़ी आबादी वाला देश है। अंततः उनके मूल्य चीन और रूस के स्थान पर हमसे (अमेरिका) अधिक मिलते-जुलते हैं। लेकिन हम दोनों देश मिलकर अंत में साथ आ जाएंगे और समस्या का समाधान निकाल लेंगे। उन्होंने फिर से भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह केवल रूस के तेल को खरीदकर उसे मुनाफे पर आगे ही नहीं बेच रहा है। बल्कि नई दिल्ली की यह प्रक्रिया रूस के यूक्रेन में युद्ध के प्रयासों को वित्तीय मदद प्रदान करते हैं। उन्होंने भी ट्रंप की भांति भारत के साथ व्यापार को असंतुलन वाला बताया और कहा कि नई दिल्ली के ऊंचे टैरिफ की वजह से हमारे व्यवसायी वहां अपना सामान नहीं बेच पाते हैं। बताते चलें कि भारत ने रूस से अपनी तेल खरीद पर अमेरिका के आरोपों को बहुत पहले ही खारिज कर दिया था। जिसमें उसका तर्क यह था कि भारत अपने देश के राष्ट्रीय हितों और बाजार की परिस्थितियों के मद्देनजर ही तेल की खरीद करता है। अमेरिका के इस निर्णय को भारत ने अनुचित और अविवेकपूर्ण भी बताया है। उसका ये भी कहना है कि ऐसे समय पर जब अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है, तो उसका भारत पर आरोप लगाना उचित नहीं है। एससीओ सम्मेलन से इतर भारत, चीन के राष्ट्राध्यक्षों की बैठकों में भी दोनों नेताओं ने अमेरिका का नाम लिए बगैर उसे जवाब देते हुए कहा था कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्थिरता लाने में भारत और चीन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### भारत के तीन दिवसीय...

दो सितंबर को जारी किए एक बयान के जरिए दी है। जिसमें बताया कि सिंगापुर के प्रधानमंत्री के रूप में वांग का यह पहला भारत दौरा है। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती लारेंस वांग, सिंगापुर की कैबिनेट के कुछ मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहेगा। पीएम मोदी के अलावा देश में सिंगापुर के प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात होगी। पिछले साल सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर की यात्रा की थी। जिसके साथ ही दोनों देशों के संबंध व्यापक रणनीतिक भागीदारी के स्तर तक जा पहुंचे थे।

**कंटेनर टर्मिनल का होगा उद्घाटन :** प्रधानमंत्री वांग 4 सितंबर को पीएम मोदी के साथ वर्चुअली महाराष्ट्र में कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। सिंगापुर के बंदरगाह प्राधिकरण (पीएसए इंटरनेशनल) ने इस परियोजना में एक बिलियन से अधिक का निवेश किया है। साथ ही ये भी संभावना है कि दोनों शीर्ष नेता अपनी बैठक के दौरान बंदरगाह परियोजना को समर्पित करेंगे। सिंगापुर भारत में निवेश का एक बड़ा स्रोत है। आधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से वर्ष 2014 से यह 175 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। जिसमें कोरोना काल के बाद की भागीदारी करीब 60 बिलियन डॉलर की है। सिंगापुर के पीएम की भारत यात्रा दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों की 60 वीं वर्षगांठ को भी प्रदर्शित करती है। जिसमें दोनों पक्ष अपनी साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्ष पानी के अंदर मौजूद केबल के जरिए सौर ऊर्जा को भारत से सिंगापुर तक निर्यात करने की संभावनाओं का भी पड़ताल करेंगे। जिसका इस्तेमाल डाटा कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा।

**आज से भारत यात्रा पर रहेंगे भूटान के पीएम :** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे बुधवार से भारत की चार दिवसीय (3 से 6 सितंबर तक) यात्रा पर रहेंगे। जिसमें वह गया, अयोध्या और नई दिल्ली जाएंगे। 5 सितंबर को पीएम टोबगे से राजधानी के आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की शिष्टाचार मुलाकात होगी।

### ये गालियाँ सिर्फ मेरी माँ का...

मैं आपके चेहरे देख सकता हूँ, मैं उस दर्द की कल्पना कर सकता हूँ जो आपने महसूस किया होगा। मैं कुछ माताओं की आँखों में आँसू देख सकता हूँ। यह बहुत दुखद है, दर्दनाक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी माँ ने हम सबको बेहद गरीबी में पाला। वो अपने लिए कभी नई साड़ी नहीं खरीदती थीं और हमारे परिवार के लिए एक-एक पैसा बचाती थीं। मेरी माँ की तरह, मेरे देश की करोड़ों माताएँ हर दिन तपस्या करती हैं। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए, मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है। और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी... इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि एक गरीब मां ऐसे ही तपकर अपने बच्चों को शिक्षा-दीक्षा देती है, ऊंचे संस्कार देती है। इसलिए मां का स्थान देवी-देवताओं से भी ऊपर माना जाता है। बिहार के ही संस्कार हैं और हर बिहारी के मुंह से तो ये बात यूंही निकलती है - माई के स्थान, देवता पीतर से भी ऊपर होला! मोदी ने कहा कि एक गरीब मां की तपस्या, उसके बेटे की पीड़ा ये शाही खानदानों में पैदा हुए युवराज नहीं समझ सकते। ये नामदार लोग तो सोने-चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। देश और बिहार की सत्ता इन्हें अपने खानदान की विरासत लगती है। इन्हें लगता है कि कुर्सी इन्हें ही मिलनी चाहिए। लेकिन, आपने, देश की जनता जनार्दन ने एक गरीब मां के कामदार बेटे को आशीर्वाद देकर प्रधानसेवक बना दिया। ये बात नामदारों को पच नहीं रही है।

### पंजाब व जम्मू-कश्मीर को हरियाणा...

मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि प्रभावित लोगों तक शीघ्र और पर्याप्त सहायता पहुँचाने के लिए हरियाणा सरकार हर संभव सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार की अतिरिक्त राहत सामग्री या सहायता की आवश्यकता हो तो निःसंकोच अवगत कराएं, हरियाणा सरकार तुरंत आवश्यक मदद उपलब्ध करवाएगी। सैनी ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के चेहरों पर आशा और राहत लौटाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हरियाणा सरकार इस दिशा में अपना योगदान सुनिश्चित करेगी, ताकि संकट की इस स्थिति में कोई भी परिवार अपने को अकेला न महसूस करे।

### हरियाणाः 315 करोड़ रुपए से...

पहुँच सके। इस पूरी परियोजना के तहत विभिन्न नहरी सर्कलों के तहत 30 कैनाल का पुनर्वास तथा 24 कैनाल की रिमॉडलिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की फसलों को पर्याप्त सिंचाई जल मिलेगा, भूमिगत जल स्तर पर दबाव कम होगा और प्रदेश में कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या पर भी काबू पाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और माइनरों के लेवल में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। यमुना वाटर सर्विस, लोहारू वाटर सर्विस और जवाहर लाल नेहरू सर्कल के तहत लगभग 54 परियोजनाओं को किया जाएगा क्रियान्वित बैठक में जानकारी दी गई कि यमुना वाटर सर्विस सर्कल, भिवानी के तहत 41 परियोजनाओं, यमुना वाटर सर्विस सर्कल, करनाल के तहत 1 तथा यमुना वाटर सर्विस सर्कल, रोहतक के तहत 2 परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार लोहारू वाटर सर्विस सर्कल भिवानी के अंतर्गत 7 परियोजनाओं और जवाहर लाल नेहरू सर्कल रेवाड़ी के तहत 3 परियोजनाओं को शामिल किया गया है। इन कार्यों को नाबार्ड की सहायता से क्रियान्वित किया जाएगा। इन परियोजनाओं के तहत माइनरों के किनारों को मज़बूत और ऊँचा करना, लाइनिंग की मरम्मत व पुनर्वास, पाइपलाइन बिछाना, हेड रेगुलेटर, साइफन, पुलिया और आउटलेट की मरम्मत इत्यादि कार्यों को किया जाएगा, जिससे लीकेज खत्म होगी और पानी की बचत भी होगी तथा संभावित क्षेत्रों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इनसे भिवानी, रोहतक, जींद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, सोनीपत और करनाल जिलों को लाभ मिलेगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव सी.जी. रजीनीकांथन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ सतबीर कादियान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिल्ली में आज 'इन्वेस्टमेंट...

नरेंद्र मोदी ने वस्त्र उद्योग पर केंद्रित पीएम मित्रा पार्क के विकास को विशेष महत्व दिया है। पार्क में भूमि आवंटन के लिए आवेदन 22 अगस्त से 11 सितंबर 2025 तक खुले रहेंगे। मात्र एक रुपए प्रति वर्ग मीटर-प्रीमियम तथा 120 रुपए प्रति वर्ग फ़ीट विकास शुल्क पर भूमि आवंटन किया जा रहा है, जो देश में समस्त पीएम मित्रा पार्कों में सबसे कम है।

### भारत का पहला...

स्कीम के तहत भारत अब वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

### क्यों खास है विक्रम...

प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553B बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीएमओएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है।

### आत्मनिर्भर भारत...

शामिल हैं। ईसरो के मुताबिक, जल्द ही C कंपाइलर भी तैयार किया जाएगा।

3 लाख 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से किया

# बलात्कार/हत्या कर साक्ष्य मिटाने के आरोपी को न्यायाधीश ने सुनाई फांसी की सजा

डॉ. कमल कान्त उपमन्यु

मथुरा। पोक्सो एक्ट व एससी-एसटी एक्ट के न्यायाधीश ब्रजेश कुमार द्वितीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पोक्सो) द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर जबरन बलात्कार और हत्या कर देने के सनसनीखेज घटना में मुख्य आरोपी को मृत्यु दण्ड व 3 लाख 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित करने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

मथुरा पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना व लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से थाना जैत/वृंदावन जनपद मथुरा पर पंजीकृत मुकदमें में मंगलवार को न्यायाधीश ब्रजेश कुमार द्वितीय ने साक्ष्यों के आधार पर मुख्य अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता को मृत्युदण्ड व 3,20,000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। बताया जाता है 26 नवम्बर 2020 को अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाकर जबरन बलात्कार/दुष्कर्म कर हत्या कर दी गयी थी। इस जघन्य अपराध में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये एवं आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। इस प्रकरण में अभियुक्त को सजा दिलाने में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा सिंह उ.नि. ओमवीर सिंह उ.नि. सोमप्रकाश सिंह है.का. ऋषिपाल सिंह का. विकास कुमार की मुख्य भूमिका रही।

# झारखंड में नगर निकाय के चुनाव नहीं कराने पर हाईकोर्ट नाराज




एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने नगर निकायों के चुनाव कराने के अदालती आदेश की अवहेलना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को इससे संबंधित अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव एवं नगर विकास सचिव सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस आनंदा सेन की पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश की लगातार अवहेलना की जा रही है, ऐसे में क्यों नहीं मुख्य सचिव के विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए? कोर्ट ने विस्तृत सुनवाई के लिए 10 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया कि अगली सुनवाई के दौरान वे नगर निकाय के चुनाव को लेकर टाइमलाइन निर्धारित कर अदालत में प्रस्तुत करें। जस्टिस आनंदा सेन की बेंच ने रांची नगर निगम की निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो की ओर से दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के बाद निर्देश दिया था कि राज्य के सभी नगर निकायों के चुनाव तीन सप्ताह के भीतर कराए जाएं। इस आदेश का आज तक अनुपालन नहीं हुआ है। इसे लेकर अब कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई है।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

## लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



# केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



# ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



# सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



# केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

## मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



# अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

# शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह




**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा, भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

# मुख्यमंत्री नई दिल्ली में उद्योगपतियों से करेंगे वन-टू-वन मीटिंग

## पीएम मित्रा पार्क में निवेश पर आज दिल्ली में आयोजित होगा इंटरैक्टिव सेशन

### टैक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 सितंबर को दिल्ली में होने वाले इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन पीएम मित्रा पार्क के इंटरैक्टिव सेशन में शामिल होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरीराज सिंह भी मौजूद रहेंगे। इंटरैक्टिव सेशन में टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों और नीति-निर्माताओं की मौजूदगी में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की बढ़ती वैश्विक भूमिका और पीएम मित्रा पार्क की अहमियत पर अपने विचार रखेंगे।



### टैक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे

#### नए अवसरों की जानकारी देंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग कर राज्य में उपलब्ध अधोसंरचना, नीतिगत सहयोग और नए अवसरों की जानकारी देंगे। साथ ही टेक्सटाइल हब के रूप में पहचान बना रहे मप्र की विशेषताओं से निवेशकों को अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से यह भी बताया जाएगा कि कैसे पीएम मित्रा पार्क प्रदेश की औद्योगिक तस्वीर को बदलने वाला साबित होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश संबंधी प्रस्तावों और संभावनाओं पर भी संवाद करेंगे।

इंटरैक्टिव सेशन में वस्त्र मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी केन्द्रीय योजनाओं और टेक्सटाइल क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक अवसरों पर जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश के उद्योग विभाग और टेक्सटाइल विभाग के अधिकारियों द्वारा निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, क्लस्टर आधारित विकास और विशेष पैकेज का प्रेजेंटेशन दिया जायेगा। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव और वस्त्र मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल भी अपने विचार साझा कर टेक्सटाइल उद्योग में नई संभावनाओं और केंद्र सरकार की नीतियों की जानकारी देंगे। मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र सिंह टेक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश की नीतिगत पहल, निवेश प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी देंगे।

#### रोजगार मिलेगा

मध्यप्रदेश में प्रस्तावित पीएम मित्रा पार्क आधुनिक टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से युक्त एकीकृत हब के रूप में विकसित किया गया है। यह पार्क कपड़ा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन का आधार बनेगा।

### मुख्यमंत्री ने कहा, कानून-व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता, असामाजिक तत्वों का करेंगे सफाया

# मध्यप्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज मप्र कई मामलों में देश में अव्वल है। प्रदेश को और आगे ले जाना है। हमारी सरकार खेती-किसानी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना के जरिए प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। सरकार सबके साथ और सहयोग से सबके विकास के लिए साझा प्रयासों एवं सबको पूरे विश्वास में लेकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में आयोजित 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव (भोपाल चैप्टर)' में मीडिया संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस कान्क्लेव में मप्र की विशेषताओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर प्रदेश के नवनिर्माण एवं बेहतरी के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, मीडिया से जुड़े राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

**सबके साथ, सबके विकास के लिए सबके प्रयासों एवं सबको विश्वास में लेकर बढ़ रहे हैं आगे: डॉ. यादव**



**युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए संकल्पबद्ध**



#### मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन सहित मेडिकल टूरिज्म के साथ फारेस्ट और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म की ओर स्पेशल फोकस किया जा रहा हैं। प्रदेश के 13 प्रमुख तीर्थस्थानों में स्थायी प्रकार के निर्माण कार्यों एवं नियमित प्रबंधन कर इनका विकास कर रहे हैं। श्रीमहाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन में तेजी से टूरिज्म बढ़ा है। वर्ष 2024 में करीब 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। इसी से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार अब प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को हेलीकाप्टर के जरिए पहुंचाने का प्रबंध कर रही है। बहुत जल्द हम प्रदेश में इसकी शुरूआत करने जा रहे हैं।

#### असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक और गुंडा तत्वों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है। कानून को अपने हाथ में लेने वाले ऐसे तत्वों का प्रदेश से सफाया कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम राज्य की बेहतरी के लिए नए फैसले लेने में पीछे नहीं हटेंगे। लोकलुभावन वादों की जगह हम जनहित के निर्णयों पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

#### जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के किसानों की जिंदगी बेहतर बनाना चाहते हैं। इसीलिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन से दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, आधुनिक खेती के प्रोत्साहन और किसानों को सम्मान निधि देकर उनके जीवन में स्वावलंबन लाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में लगभग रोजाना नए-नए उद्योग धंधों की स्थापना हो रही है। इससे हमारे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होना है। इससे पहले बुधवार, 3 सितम्बर को नई दिल्ली में पीएम मित्रा पार्क में निवेश के लिए निवेशकों के साथ मीटिंग की जाएगी।

### 2 सीपीयू, 1 डेस्कटॉप बैटरी, माउस और कीबोर्ड चोरी

# आत्मानंद स्कूल में चोरों ने धावा बोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीती दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने भोपालपटनम स्थित आत्मानंद स्कूल में सेंध लगाकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, चोरों ने प्रिंसिपल के कमरे के दरवाजे को लात से मारकर तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। दरवाजा प्लाई का बना हुआ था और कमजोर होने की वजह से आसानी से टूट गया। हैरानी की बात यह है कि ताला जस का तस अपनी जगह पर लगा रहा, लेकिन दरवाजे पर जूतों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।



#### आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार

भोपालपटनम थाना प्रभारी जीवन कुमार जांगड़े ने बताया कि आत्मानंद स्कूल में हुई चोरी की घटना गंभीर मामला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। चोरों ने जिस तरीके से स्कूल को निशाना बनाया है, उससे साफ है कि यह सुनियोजित वारदात है। घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

#### 10 दिनों में दूसरी चोरी की घटना, पुलिस कर रही जांच

स्कूल परिसर में डीवीआर और केबलिंग लगभग 4 साल पहले से बिछाई गई थी, लेकिन कैमरे अब तक नहीं लगाए गए थे। इस कारण पूरी घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी। चोरी गया कंप्यूटर सिस्टम प्रिंसिपल कक्ष में रखा था, जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षाओं से जुड़े दस्तावेज, फीस रिकार्ड और विभागीय पत्राचार की फाइलें सुरक्षित थीं। अब डेटा चोरी हो जाने से शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में गंभीर बाधा आने की आशंका है।

### सिरसट्टी पंचायत के नंदापारा की घटना

# नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जहां नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को मौत के घाट उतार दिया। घटना सिरसट्टी पंचायत के नंदा पारा की बताई जा रही है। देर रात नक्सलियों ने गांव में धावा बोला और पुलिस मुखबिरी के आरोप लगाकर दो ग्रामीणों की गला रेतकर हत्या कर दी। इस निर्मम वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया है और लोग सहमे हुए हैं।

वहीं, इस घटना के कुछ घंटों के बाद ही नक्सलियों ने पर्चा जारी करते हुए घटना की जिम्मेदारी ले ली है। बताया जा रहा है कि दरभा नक्सलियों की केरलापाल एरिया कमेटी दरभा डिविजन ने दोनों ग्रामीणों की हत्या की जिम्मेदारी ली। मृतकों पर मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों ने सिर्फ हत्या के अलावा अन्य दो ग्रामीणों को भी बुरी तरह पीटा। घटनास्थल पर चीख-पुकार और भय का माहौल इतना गहरा था कि ग्रामीण रातभर अपने घरों से बाहर नहीं निकल सके।

### शिवशेखर शुक्ला बने अपर मुख्य सचिव गृह

**भोपाल।** राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ ही अपर मुख्य सचिव गृह का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। उनके पास वर्तमान कार्यो के साथ ही गृह विभाग का प्रभार अतिरिक्त रूप से रहेगा। एसीएस शुक्ला के पास संस्कृति एवं पर्यटन के साथ ही धार्मिक एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। शुक्ला के पास आयुक्त सह संचालक स्वराज संस्थान, न्यासी सचिव भारत भवन, विकअ सह आयुक्त पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास बोर्ड भी रहेगा। अभी एक दिन पहले ही एसीएस गृह के पद पर पदस्थ रहे जेएन कंसोटिया सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद एसीएस शुक्ला को यह प्रभार सौंपा गया है।

### 'रिटायर्ड प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा पर लाभ दें'

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश शासन को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को छठवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य वित्तीय लाभ का निर्धारण कर उसका भुगतान करें। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि इस मामले में सरकार की लंबित अपील पर कोई स्थगन मिलता है या अपील स्वीकार होती है तो याचिकाकर्ता उससे प्रभावित होंगे।

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। घटना के महज आठ महीने के भीतर ही ये फैसला सुनाया गया है। दरअसल पूरा मामला 14 जनवरी 2025 को कोटमीकला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है, जहां रहने वाला आरोपी पंकज पठारी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। जानकारी के मुताबिक, गांव में आरोपी के पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लड़की के परिजन काम करने के लिये खेत चले गये थे और उसका भाई पिकनिक मनाने गया था।

# कोर्ट की अवमानना में फंसे कलेक्टर तहसीलदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार क्षेत्र के एक जमीन से जुड़े केस में कोर्ट की अवमानना जद में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह आ गए हैं, जिसको लेकर सोमवार को कलेक्टर ने टाइम लिमिट बैठक में तहसीलदारों को फटकार लगा दी। उन्होंने कहा कि कोर्ट से जुड़े जमीनों के केसों में मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। अगर किसी भी केस में अवमानना का मामला बनता है तो उसकी जिम्मेदारी तहसीलदारों की होगी। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में सभी एसडीएम और तहसीलदार सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक कोर्ट का काम निपटा रहे हैं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने समीक्षा कर दिए निर्देश

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और चिकित्सा शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप मुख्यमंत्री ने मंत्रालय भोपाल में चिकित्सकीय मैनपॉवर भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास कार्यों और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।



उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे हों जिससे जनता को समय पर सुविधाएं और युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के अवसर मिल सकें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं मानदेय से संबंधित विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती के लिए नियमों में संशोधन की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की। अंतर्विभागीय समन्वय और आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रक्रिया 15 सितम्बर तक पूरी कर शीघ्र भर्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी तथा सीईओ आयुष्मान मध्यप्रदेश डॉ. योगेश भरसट उपस्थित रहे।

#### हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की अद्यतन

शुक्ल ने कहा कि एएनएम काउंसलिंग, फार्मासिस्ट नियुक्ति परीक्षा और हॉस्पिटल असिस्टेंट भर्ती की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में आउटसोर्सिंग के माध्यम से एफआरयू संचालन की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को मानक अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने चिकित्सा अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पीपीपी मोड पर धार, बैतूल, कटनी और पन्ना में मेडिकल कॉलेज स्थापना की कार्रवाई पर विस्तार से चर्चा की।


## अतिरिक्त त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाडियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:–

**04452/04451 नई दिल्ली – हावड़ा जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 182 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04452 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04451 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:15 | नई दिल्ली | 04:10 | ---- |
| 21:30 | ---- | हावड़ा जं. | ---- | 23:50 |

**चलने के दिन :** 04452 नई दिल्ली से प्रतिदिन दिनांक 20.09.2025 से 19.12.2025 तक एवं 04451 हावड़ा जं. से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 20.12.2025 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**04094/04093 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – पटना जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 140 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04094 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04093 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:00 | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | 00:45 | ---- |
| 05:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 07:45 |

**चलने के दिन :** 04094 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 29.11.2025 तक एवं 04093 पटना जं. से प्रतिदिन दिनांक 22.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता.।

**04096/04095 आनन्द विहार (ट) – पाटलिपुत्र – आनन्द विहार (ट) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 140 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04096 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04095 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 00:05 | आनन्द विहार (ट) | 21:30 | ---- |
| 21:30 | ---- | पाटलिपुत्र | ---- | 00:30 |

**चलने के दिन :** 04096 आनन्द विहार (ट) से प्रतिदिन दिनांक 21.09.2025 से 29.11.2025 तक एवं 04095 पाटलिपुत्र से प्रतिदिन दिनांक 22.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफेना, बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा जं. और दिघवारा स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04098/04097 नई दिल्ली – हसनपुर रोड – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 120 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04098 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04097 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:30 | नई दिल्ली | 18:30 | ---- |
| 12:00 | ---- | हसनपुर रोड | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन :** 04098 नई दिल्ली से प्रतिदिन दिनांक 01.10.2025 से 29.11.2025 तक एवं 04097 हसनपुर रोड से प्रतिदिन दिनांक 02.10.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहराव:** गाजियाबाद, कानपुर, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं. और समस्तीपुर स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान।

**02877/02878 राँची – आनन्द विहार (ट) – राँची आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 02877 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 02878 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:55 | राँची | 05:00 | ---- |
| 03:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 04:00 |

**चलने के दिन :** 02877 राँची से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 17.10.2025 से 31.10.2025 तक एवं 02878 आनन्द विहार (ट) से प्रत्येक रविवार को दिनांक 19.10.2025 से 02.11.2025 तक।
**ठहराव:** मुरी जं., बरकाकाना, टोरी, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड जं., जपला, नबीनगर रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. और गोविंदपुरी स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता. इकॉनोमी।

**04504/04503 चण्डीगढ़ – पटना जं. – चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04504 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04503 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 23:10 | ---- |
| 21:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 23:00 |

**चलने के दिन :** 04504 चण्डीगढ़ से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक एवं 04503 पटना जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक।
**ठहराव:** अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., सुल्तानपुर, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., वाता. कुर्सीयान, शयनयान एवं सामान्य।

**04608/04607 अमृतसर जं. – छपरा – अमृतसर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04608 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04607 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:40 | अमृतसर जं. | 13:30 | ---- |
| 09:00 | ---- | छपरा | ---- | 12:00 |

**चलने के दिन :** 04608 अमृतसर जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक एवं 04607 छपरा से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 01.12.2025 तक।
**ठहराव:** ब्यास जं., जलंधर शहर जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं. और सीवान जं. स्टेशन।
**स्थान:** 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05314/05313 गोमती नगर – महबूबनगर – गोमती नगर आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05314 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05313 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 00:15 | गोमती नगर | 15:00 | ---- |
| 13:00 | 13:35 | वाराणसी जं. | 01:45 | 02:25 |
| 19:10 | ---- | महबूबनगर | ---- | 22:10 |

**चलने के दिन :** 05314 गोमती नगर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक एवं 05313 महबूबनगर से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 03.11.2025 तक।
**ठहराव:** बाराबंकी जं., बुढ़वल, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया, भटनी, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, कटनी, जबलपुर, बालाघाट, गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लामपल्ली, रामगुंडम, काजीपेट जं., मलकाजगिरी, काचीगुडा, उमदानगर, शादनगर और जडचर्ला स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**05017/05018 मऊ जं. – उधना जं. – मऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05017 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05018 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 05:30 | मऊ जं. | 22:30 | ---- |
| 13:25 | 13:27 | बाराबंकी जं. | 15:20 | 15:22 |
| 12:00 | ---- | उधना जं. | ---- | 15:00 |

**चलने के दिन :** 05017 मऊ जं. से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 01.11.2025 तक एवं 05018 उधना जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक।
**ठहराव:** बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, टूण्डला जं., ईदगाह आगरा जं., बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा जं., भवानी मंडी, शामगढ़, नागदा जं., रतलाम जं. और वडोदरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05115/05116 छपरा – उधना जं. – छपरा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05115 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05116 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:45 | छपरा | 23:00 | ---- |
| 22:15 | 22:20 | जौनपुर | 17:45 | 17:50 |
| 07:00 | ---- | उधना जं. | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन :** 05115 छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक एवं 05116 उधना जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक।
**ठहराव:** बलिया, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जं., जौनपुर जं., वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना जं., संत हिरदाराम नगर, उज्जैन जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं. और सूरत स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**05736/05735 कटिहार – अमृतसर – कटिहार आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05736 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 05735 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:00 | कटिहार | 23:45 | ---- |
| 09:45 | ---- | अमृतसर | ---- | 13:25 |

**चलने के दिन :** 05736 कटिहार से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 17.09.2025 से 05.11.2025 तक (24.09.2025 को छोड़कर) एवं 05735 अमृतसर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 19.09.2025 से 07.11.2025 तक (26.09.2025 को छोड़कर)।
**ठहराव:** पूर्णियाँ जं., अररिया कोर्ट, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी जं., शिशो, सीतामढी, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी और ब्यास स्टेशन।
**स्थान:** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें ।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

चिंतन

# खुद अपने पैरों पर क्यों कुल्हाड़ी मार रहा विपक्ष

बीते एक दशक से जो हर चुनाव के दौरान होता है, ठीक वैसे ही हुआ। विपक्ष ने बैठे बिठाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के प्रति अपशब्द कहकर अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मार ली। वोटर अधिकार यात्रा के दौरन बिहार के दरभंगा में पीएम मोदी को एक शख्स ने मां की गाली दे दी थी। हालांकि, उस समय मंच पर न राहुल गांधी थे और न ही तेजस्वी यादव, लेकिन मंच सजा था राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा के लिए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने 16 दिनों तक बिहार के कोने-कोने में रैलियां की। उनकी रणनीति जातिगत समीकरणों को साधना, युवाओं को रोजगार का सपना दिखाना और केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना था। दोनों बिहार के मतदाता सूची से 65 लाख वोटरों के नाम कटने का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहे थे, लेकिन पीएम मोदी ने मंगलवार को गाली को बिहार ही नहीं देश की सभी मां और बहनों के साथ जोड़कर पूरा नैरेटिव चेंज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी मां का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए। हालांकि यह पहली बार यह नहीं है जब प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द कहे गए। नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से आज भावुक अंदाज में बिहार की महिलाओं के सामने यह बात कही, उससे एक बात साफ है कि जल्द होने वाले बिहार चुनाव में यह मुद्दा बनेगा। जब-जब विपक्ष ने पीएम मोदी के लिए अपशब्द कहे, यह विपक्ष पर ही भारी पड़ गया। इससे पहले भी मौत का सौदागर, चौकीदार चोर है, चायवाला जैसे अनेक उदाहरण हैं। गुजरात में साल 2002 के दंगों के लिए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 2007 में गुजरात के तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करते हुए कहा था कि गुजरात की सरकार चलाने वाले झूठे, बेईमान और मौत के सौदागर हैं। मोदी ने इस बयान को कांग्रेस के खिलाफ हथियार में बदल दिया। यह बयान आज भी कांग्रेस के लिए नासूर के समान है। नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन कांग्रेस का इस बयान से पीछा नहीं छूटा। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के दावेदार थे। वह गुजरात से दिल्ली आ चुके थे। इस चुनाव के दौरान ही कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने नरेंद्र मोदी को चायवाला कहा। नरेंद्र मोदी ने इस बयान को हाथों हाथ लिया और हर चुनावी मंच से अपने आप को चायवाला कहकर संबोधित किया। जनता पर इसका सीधा असर भी हुआ। कांग्रेस की करारी हार हुई। हालांकि आखिरी बार ऐसा नहीं था। मणिशंकर के ऐसे बयान बाद में भी सामने आते रहे, वो एक बार पीएम मोदी को नीच भी कह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है का नारा दिया। पीएम मोदी ने इस नारे का भी इस्तेमाल अपने पक्ष में किया। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल का नाम बदलकर चौकीदार नरेंद्र मोदी कर दिया। कुछ ही समय में उस वक्त मैं भी चौकीदार ट्रेंड करने लगा। चुनाव के नतीजे जब सामने आए तो सबको चौंका दिया। चुनाव परिणाम ने बता दिया कि जनता इस नारे से बहुत नाराज हुई। अब बिहार विस चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहकर राजग को मुद्दा थमा दिया है। जल्द ही बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला है। विपक्ष को यह मुद्दा कितना भारी पड़ता है, इसका असली पता चुनाव नतीजों के बाद ही चलेगा। हालांकि एक बात तो तय हो गई है कि चुनाव में यह मुद्दा जरूर बनने वाला है। भाजपा इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली।

मुद्दा

अली खान



# तंबाकू सेवन की व्यापकता को रोकने की चुनौती

हाल ही में राष्ट्रीय कैंसर रोधक एवं अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन ने देश में तंबाकू सेवन की भयावह स्थिति को उजागर कर दिया है। अध्ययन में यह सामने आया है कि देशभर के 100 जिलों में तंबाकू का अत्यधिक सेवन हो रहा है, जिनमें से अधिकतर जिले मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों से हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 68 जिलों में धुआं रहित तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। धुआं रहित तंबाकू से तात्पर्य ऐसे उत्पादों से है जिन्हें जलाकर धुआं नहीं पैदा किया जाता, बल्कि उन्हें सीधे चबाया, चूसा या मुंह में रखा जाता है। इसमें खैनी, गुटखा, पान मसाला, तंबाकू मिश्रित सुपारी जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। ये उत्पाद जितने सुलभ और सस्ते हैं, उतने ही खतरनाक भी हैं। अध्ययन के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लगभग 21.4 प्रतिशत लोग धुआं रहित तंबाकू का सेवन करते हैं, जिनमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है। पुरुषों में यह प्रतिशत लगभग 29.6 और महिलाओं में 12.8 है। यह आंकड़ा इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि तंबाकू की लत समाज में कितनी गहराई तक पैठ बना चुकी है। खासतौर पर गरीब और अशिक्षित वर्ग, ग्रामीण क्षेत्रों और श्रमिक तबके में इसकी खपत अत्यधिक है। यह वर्ग न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर होता है, बल्कि उन्हें तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों का इलाज कराने में भी अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसमें मध्य प्रदेश के 15 जिले, उत्तर प्रदेश और बिहार के 11-11 जिले तथा ओडिशा के भी कई जिले इस सूची में शामिल हैं। इन जिलों का चयन यह दर्शाता है कि तंबाकू सेवन केवल किसी एक विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समस्या व्यापक रूप से फैली हुई है। हालांकि, यह बात भी सामने आती है कि जिन जिलों में गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और सामाजिक पिछड़ापन ज्यादा है, वहां तंबाकू का सेवन अधिक होता है। लोग तंबाकू को सस्ता और आसानी से उपलब्ध नशा मानते हैं, जिससे वे अस्थायी रूप से तनाव और थकान से मुक्ति पाने की कोशिश करते हैं। परंतु यह राहत बहुत ही क्षणिक होती है और इसके दीर्घकालिक परिणाम बेहद घातक साबित होते हैं। यद्यपि पुरुष उपभोक्ताओं की संख्या महिलाओं से दोगुनी से भी अधिक है, लेकिन महिलाओं में भी यह आदत चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। ग्रामीण समाज में विशेषकर महिलाएं घरेलू काम के दौरान खैनी या सुपारी के साथ तंबाकू का इस्तेमाल करती हैं। कुछ जगहों पर इसे परंपरा या आदत के रूप में भी देखा जाता है। तम्बाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति केवल स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करती बल्कि सामाजिक और आर्थिक बोझ भी बढ़ाती है। तंबाकू के कारण उत्पन्न बीमारियों के इलाज पर सरकार और आम जनता दोनों को भारी खर्च उठाना पड़ता है। गरीब तबके को इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई बार इलाज के अभाव में लोग असमय ही मौत के मुंह में चले जाते हैं। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी का भी मानना है कि तंबाकू महामारी दुनिया के सामने आने वाले सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। इससे हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती हैं। इनमें से 70 लाख से अधिक लोगों की मौतें सीधे तंबाकू के उपयोग का नतीजा हैं, लेकिन लगभग 13 लाख लोगों की मौत सीधे तौर पर धूम्रपान करने के बजाय अन्य लोगों द्वारा धूम्रपान करने से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आने से होती है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के मुताबिक, धूम्रपान अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह और पुरानी सांस की बीमारियों का कारण बनता है। ऐसे में तंबाकू का इस्तेमाल स्वास्थ्य संकट को बढ़ा रहा है। हालांकि सरकार ने तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। फिर भी इसका प्रचलन थमने का नाम नहीं ले रहा है। लिहाजा, तंबाकू के सेवन को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई जाए। सबसे पहले शिक्षा और जागरुकता पर जोर देना होगा। दरअसल, तंबाकू से होने वाला नुकसान इतना व्यापक है कि इसे केवल व्यक्तिगत आदत कहकर टाला नहीं जा सकता। यह समस्या सामाजिक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हुई है। अगर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो तंबाकू के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाना केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक अनिवार्य शर्त है।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*



आत्मनिर्भरता


डॉ. अश्विनी महाजन

> यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। वे भारत का संदेश लेकर गए, हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है।

# स्वदेशी के साथ आगे बढ़े भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वदेशी को अपनाने का समय आ गया है। जो 'मेक इन इंडिया' से शुरू हुआ, आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में विकसित हुआ, अब स्वदेशी के गहन और समग्र विचार की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक नारा नहीं है। यह एक सभ्यतागत अनिवार्यता है। यह सही है कि भारत चीन की उपेक्षा नहीं कर सकता, लेकिन उस पर भरोसा भी नहीं कर सकता। बीजिंग के साथ हमारा व्यापार घाटा हर साल 100 अरब डॉलर को पार कर जाता है।

वर्तमान में, हमारे दो-तिहाई से ज़्यादा सौर मॉड्यूल, हमारी 70 प्रतिशत से ज़्यादा दवा सामग्री और अरबों डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सीमा पार से आते हैं। ये सिर्फ़ संख्याएं नहीं हैं, ये कमज़ोरियां हैं। चीनी बंदरगाहों से आने वाला हर कंटेनर जहाज चीन पर हमारी निर्भरता की याद दिलाता है। इसी संदर्भ में, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आगामी चीन यात्रा को देखा जाना चाहिए। उनकी वहां उपस्थिति कोई रियायत नहीं; एक बयान है। भारत बातचीत करेगा, लेकिन स्पष्टता और विश्वास की स्थिति से। बातचीत का मतलब निर्भरता नहीं है। बातचीत का मतलब राष्ट्रीय हितों को कमज़ोर करना नहीं है। संदेश सीधा है: भारत जहां तक संभव हो, सहयोग चाहता है, लेकिन अपनी आर्थिक संप्रभुता से कभी समझौता नहीं करेगा। हाल के अध्ययन, जिनमें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समझ परिषद (सीआइयू ) द्वारा तैयार भारत के भू-आर्थिक ढांचे में चीन अध्ययन के लिए रणनीतिक अनिवार्यता भी शामिल है, इस खतरे को रेखांकित करते हैं। ये अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे चीन का राज्य-प्रधान मॉडल- औद्योगिक अति-क्षमता, डंपिंग, सब्सिडी और वित्तीय इंजीनियरिंग-बाजारों को विकृत करता है और भारत के विनिर्माण आधार के लिए खतरा पैदा करता है। ये अध्ययन फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा में चीनी इनपुट पर हमारी खतरनाक निर्भरता की ओर भी इशारा करते हैं, और चेतावनी देते हैं कि संकट के समय ऐसी महत्वपूर्ण वस्तुओं तक पहुंच को आसानी से हथियार बनाया जा सकता है। देश की करीब 50 स्वदेशी कंपनियां आज भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र में क्रांतिकारी काम कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ही भारत ने दुनिया को दिखा दिया कि कैसे भारत की मिसाइल प्रणाली ने चीन की वायु-रक्षा प्रणाली को परास्त कर डाला था। ये जानकारियां एक बात बिल्कुल स्पष्ट करती हैं कि भारत प्रतिक्रियात्मक रुख नहीं अपना सकता, उसे स्वदेशी पर आधारित एक सक्रिय सिद्धांत अपनाना होगा। चीन के दृष्टिकोण के विपरीत, स्वदेशी साम्राज्यवादी नहीं है। यह ऋण या जबरदस्ती के माध्यम से दूसरों पर हावी होने की कोशिश नहीं करता। हमारा स्वदेशी वसुधैव कुटुम्बकम-दुनिया एक परिवार है-के सिद्धांत पर आधारित है। हमारा दृष्टिकोण देश में आत्मनिर्भरता और विदेश में निष्पक्ष, सहयोगात्मक साझेदारी का है। यह भारत में न केवल अपने लिए बल्कि विश्व के लिए भी उत्पादन करने के बारे में है, जो लचीलेपन और सम्मान को मजबूत करता है। वैश्विक स्तर पर, स्थिति बदल रही है। टैरिफ का हथियारीकरण-जो ट्रम्प की पहली पारी में स्पष्ट हुआ और अब वैश्विक व्यापार का एक अभिन्न अंग बन गया है- ने




सरकारों और व्यवसायों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। विभिन्न क्षेत्रों में, कंपनियां चीन के विकल्प तलाश रही हैं। जहां कई लोग इसे 'चीन+1' कहते हैं, वहीं भारत को एक बड़े विचार को आगे बढ़ाना होगा : भारत+अनेक। भारत के पास विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं का एक विश्वसनीय केंद्र बनने के लिए पर्याप्त पैमाना, प्रतिभा और सभ्यतागत लोकाचार है। हमें घरेलू क्षमताओं को और मज़बूत करना होगा। सरकार ने पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, हाल ही में शुरू किया गया राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन, और व्यापार धोखाधड़ी को रोकने के लिए नियमों में संशोधन। ये उपाय, आसियान मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के भीतर भारत की पुनर्वार्ता और यूरोपीय संघ के साथ नए जुड़ाव के साथ, व्यापार नीति को राष्ट्रीय हित के अनुरूप बनाने की इच्छा को दर्शाते हैं। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। सीआईईयू अध्ययन सही ही सिफ़ारिश करता है कि भारत को अनुसंधान और विकास में सार्वजनिक निवेश को दोगुना करके सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत करना चाहिए, यह एक आवश्यक कदम है। यदि हमें सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और अगली पीढ़ी की तकनीकों में नवाचार की खाई को पाटना है। यह सरकार के भीतर एक समर्पित चीन आर्थिक जोखिम निगरानी इकाई- जो जोखिमों का पूर्वानुमान लगाने, चीनी प्रथाओं पर नज़र रखने और सक्रिय नीति निर्धारण को सूचित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र- की भी मांग करता है। दोनों ही ज़रूरी और आवश्यक हैं। साथ ही, स्वदेशी सिद्धांत-आधारित साझेदारी का आह्वान करता है। चाहे क्वाड, आसियान, अफ्रीका या लैटिन अमेरिका के माध्यम से, भारत को एक वास्तविक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था बनाने के लिए समान विचारधारा वाले देशों के साथ काम करना चाहिए। इसी तरह भारत '+1' की परिधि से 'अनेक' के केंद्र की ओर बढ़ सकता है।

जब प्रधानमंत्री मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन की यात्रा कर रहे थे, तो वे भारत के वार्ता संबंधी दायित्व से कहीं अधिक लेकर गए। वे भारत का संदेश लेकर गए कि हमारा स्वदेशी सीमित नहीं है, यह व्यापक है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मज़बूत करता है, हमारे लोगों को सशक्त बनाता है और एक अधिक न्यायसंगत विश्व व्यवस्था में योगदान देता है। ऐसे दौर में जब व्यापार हथियार बन गया है और आपूर्ति श्रृंखलाएं युद्धक्षेत्र बन गई हैं, भारत का रुख़ दृढ़ होना चाहिए। हम बातचीत करेंगे, लेकिन हमेशा अपनी शर्तों पर। दुनिया को दूसरे चीन की ज़रूरत नहीं है। दुनिया को भारत की ज़रूरत है, एक ऐसे भारत की जो स्वदेशी में निहित हो और 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मार्ग पर चलता हो।

*( लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## जब मन हो अशांत, करें अपने इष्टदेव का ध्यान



संकलित

दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं-देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देवस्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित न करे

सरकार हमारे देवस्थलों को पर्यटन के नाम पर विकसित करने के बजाय, केवल पर्यटन स्थलों को इस तर्ज पर विकसित करे। देवस्थलों व लोगों की आस्था से जुड़ी इन जगहों से छेड़छाड़ नहीं की जाए। ये स्थान लोगों की आस्था के प्रतीक हैं, जो लाखों सालों से हम सबकी रक्षा करते आए हैं। हमारे देवस्थान कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं, बल्कि लोग यहां अपने व अपने स्वजनों की कुशलता के लिए और अपनी मनोकामनाएं पूरी करने के लिए प्रार्थना करने के लिए आते हैं। यहां पहुंचने के लिए हमें सड़के नहीं चाहिए, होमस्टे नहीं चाहिए, होटल नहीं चाहिए, रोपवे नहीं चाहिए, पर्यटक नहीं चाहिए, बल्कि शांति चाहिए, श्रद्धालु चाहिए, आस्था चाहिए और देवी-देवताओं की कृपा चाहिए।

*- मिलिंद जोशी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मां का दुख-दर्द



मेरी मां अब सशरीर इस दुनिया में नहीं है, उसका राजनीति से भी कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी जिस प्रकार उसे भद्दी गालियां देकर अपमानित किया गया, उसका दुख-दर्द मुझे बिहार की माताओं-बहनों और बेटियों के आंसुओं में साफ नजर आया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पौधरोपण का संकल्प



प्रतिदिन पौधरोपण का संकल्प माँ समान प्रकृति की सेवा का अभियान है। आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधरोपण कर प्रकृति सेवा के अभियान को आगे बढ़ाया। आप भी पौधरोपण अवश्य करें।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### सहायता राशि भेजी



पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आई भीषण बारिश व बाढ़ से उत्पन्न हालात बेहद दुखद हैं। इस संकट की घड़ी में हरियाणा सरकार और प्रदेश की जनता प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पंजाब और जम्मू-कश्मीर के लिए 5-5 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई है।

**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### पंजाब की मदद करें



पंजाब हमेशा देश के सामने आए किसी भी संकट का डटकर सामना करता रहा है लेकिन आज राज्य खुद संकट में है। मैं सभी देशवासियों से अपील करता हूं कि इस कठिन समय में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

### अमेरिका में श्रमिक दिवस पर ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन



अमेरिका के कई शहरों में श्रमिक दिवस पर लोगों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का सड़कों पर उतरकर विरोध किया और श्रमिकों को उचित वेतन दिए जाने की मांग की। शिकागो और न्यूयॉर्क में हुए प्रदर्शनों का आयोजन 'वन फेयर वेज' नामक संगठन ने किया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य अमेरिका में श्रमिकों की परेशानियों की ओर ध्यान खींचना था, जहां न्यूनतम संघीय मेहनताना 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूयॉर्क स्थित पूर्व आवास के बाहर ''ट्रंप को अब जाना चाहिए' के नारे गूंजे। वहीं, शिकागो में एक अन्य 'ट्रंप टॉवर' के बाहर प्रदर्शनकारियों ने 'नेशनल गार्ड नहीं चाहिए' और 'उसे जेल में डालो' के नारे लगाए। वॉशिंगटन डी सी और सैन फ्रांसिस्को में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। न्यूयॉर्क में लोग 'ट्रंप टॉवर' के बाहर एकत्रित हुए जो वर्षों से राष्ट्रपति का निवास नहीं होने के बावजूद उनके धन-वैभव का प्रतीक और प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लहराए जिन पर कथित 'फासीवादी शासन' को खत्म करने की मांग लिखी थी। वॉशिंगटन में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए।

## ऑफ बीट

### सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए क्या आवश्यक है



आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

चहुंओर बारिश ने मचाई तबाही आफत की बारिश से लोगों का जीना हो गया मुहाल

# मूसलाधार बारिश ने कई राज्यों को मुसीबत में डाला, लोग हो रहे बेघर, पंचकूला में पुल बहा तो भिवानी में माइनर टूटी

## पंचकूला बेहाल...शिमला-कालका ट्रैक पर भूस्खलन

**नई दिल्ली।** हरियाणा में हो रही लगातार बारिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगभग सभी जिलों में बारिश से जलभराव की स्थिति है। गलियां, सड़कें, जलमग्न हो गई हैं। कई जिलों में स्कूलों, अस्पतालों में पानी भर गए हैं। खेतों में फसलों डूब गई हैं। यमुनानगर में यमुना नदी के तट पर बसे गांव कैत-मंडी के खेतों से बाढ़ का पानी सड़क पर आ गया। सड़क पर पानी भी 2-3 फीट तक पहुंच गया है। गांवों का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। ऐसे में लोगों की एक से दूसरे छोर तक ले जाने के लिए गांव के लोगों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा दिए हैं।हिसार में पांच स्थानों पर ड्रेन टूटने से हजारों एकड़ फसल जलमग्न हो गई। आर्थनगर, मात्रप्रयाग, शाहपुर में दो स्थानों पर और घिराय में ड्रेन टूटी है। हांसी-बरवाला स्टेट हाईवे पर गांव चानौत के पास पानी भर जाने से यह मार्ग बंद हो गया है।



### 100 एकड़ में फसलें पानी में डूबी

भिवानी के तोशाम में भुरटाना माइनर टूटने और तोशाम-सिवानी मार्ग पर रजवाहा ओवरफ्लो होने से करीब 100 एकड़ में फसलें पानी में डूब गई। लोहारूमें करीब 110 वर्ष पुरानी इमारत का एक हिस्सा रविवार देर रात को हुई बारिश के कारण भरभराकर गिर गया। नवा राजगढ़ में एक मकान की छत भी गिर गई है। बहादुरगढ़ में मातन लिंक डेन ओवरफ्लो होने से 500 एकड़ फसल जलमग्न हो गई।

### कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर सभी ट्रेनें रद्द

पंचकूला में धग्घर नदी में आए तेज बहाव में मोरनी के खरुनी गांव में बना फुट ओवर ब्रिज टूट कर बह गया। भूस्खलन के कारण विश्व धरोहर कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर 5 सितंबर तक सभी ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

### दो मकानों का हिस्सा भरभरा कर गिरा

फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में बिजली पैनल में पानी घुस गया जिससे एनसीडी क्लीनिक की ओपीडी शेड के नीचे लगाई गई।कुलां में दो मकानों का हिस्सा भरभरा कर गिर गया।

### भिवानी में 5 लोग घायल

भिवानी में मकानों की छत गिरी है। कालांवाली के गांव पक्का शहीदां में एक घर की दो कमरों की छत गिरने से पांच लोग घायल हो गए। एक महिला शौच करने के लिए बनाई कुई में गिर गई। प्रशासन ने महिला को बाहर निकाला। अंबाला के बिहटा गांव में बरसात के कारण कच्ची छत गिरने से मां और उसके दो बच्चे चोटिल हो गए।

### बंद करने पड़े स्कूल

*हिसार जिले के दस राजकीय स्कूलों में पानी भर जाने के कारण उनको बंद करना पड़ा। इन स्कूलों को दूसरे स्थानों पर कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। फतेहाबाद जिले के गांव भीमेवाला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जलभराव होने से पढ़ाई प्रभावित रही। सिरसा जिले में कई स्कूलों में जलभराव के कारण निजी और सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा।*

## पंजाब में भी जलप्रलय | 'आप' के सभी सांसद-विधायक देंगे एक माह की सैलरी

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश पर आई किसी भी मुसीबत के सामने पंजाब हमेशा सीना तानकर खड़ा रहा है। आज पंजाब संकट में है। मेरी सभी देशवासियों से अपील है कि इस मुश्किल घड़ी में पंजाब के लोगों की हर संभव मदद करें। आम आदमी पार्टी के सभी सांसद व विधायक एक महीने की सैलरी पंजाब मुख्यमंत्री राहत कोष में दे रहे हैं। पंजाब सरकार के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अपनी एक साल की तनख्वाह मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करने की घोषणा की। बीते दिन टांडा दौरे पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को उन्होंने यह चेक सौंपा। डॉ. रवजोत ने बताया कि उनकी कुल वार्षिक आय 12 लाख रुपये है, जिसे उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में समर्पित कर दिया है।



### अमृतसर में घर की छत टूटी बच्ची की मौत

पंजाब में बारिश और बाढ़ से जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अमृतसर में भारी बारिश के कारण कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से गांव सठियाल में मासूम की मौत हो गई। घटना बाबा बकाला के गांव सठियाल की है।

### हिमाचल में भारी बारिश से लगा 'जाम'



हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण रेल सेवा स्थगित कर दी गई। यह सेवा 5 सितंबर तक स्थगित रहेगी। राज्य में 127 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। छह राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 1,311 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं और स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। वहीं, हिमाचल फॉरेस्ट सर्विस की परीक्षा भी स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बताया कि 7 सितंबर परीक्षा 5 अक्टूबर तक स्थगित कर दी है।

प्रधानमंत्री नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में बोले

# 'गया था इसलिए ताली बजा रहे या आया हूं इसलिए...' मोदी की बात पर लगे ठहाके

पीएम मोदी की इस बात पर मुस्कराए लोग | इस कार्यक्रम में दुनियाभर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने की शिरकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस में दुनियाभर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हुए। कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत में पीएम मोदी ने कुछ ऐसा कहा कि पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा। पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू करते हुए कहा कि 'कल रात ही मैं जापान और चीन की यात्रा से वापस लौटा हूं।' इस पर सभागार में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद पीएम मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि 'गया था, इसलिए तालियां बजा रहे हैं या वापस लौटा हूं इसलिए।' प्रधानमंत्री के इतना कहते ही सभागार में मौजूद सभी लोग ठहाका मारकर हंस पड़े। प्रधानमंत्री जहां अपने सख्त मिजाज प्रशासन के लिए मशहूर हैं तो अक्सर अपने मजाकिया अंदाज को लेकर भी खबरों में रहते हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान ऐसी बात कह दी कि जोरदार ठहाके लगे।

### दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य गढ़ने को तैयार



### यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बजीं तालियां

नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान गंभीर अंदाज में कहा कि देवियो और सज्जनो, कल रात ही मैं जापान और चीन की यात्रा करके वापस लौटा हूं.... । उनका इतना कहना था कि उपस्थित लोगों ने तालियां बजानी शुरू कर दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां दुनिया भर के सेमीकंडक्टर विशेषज्ञ हैं, 40-50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हैं और भारत की युवा शक्ति भी यहां नजर आ रही है। ये जो संयोजन बना है, इसका संदेश है कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। दुनिया अब भारत के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जितनी तेजी से विकास हो रहा है, उससे हम सभी, उद्योगों में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। विकास की गति यही रही तो भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है।

आधुनिकीकरण की नई पहल शुरू की

# रेल टिकट जांचकर्मियों को अब लगानी पड़ेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने अपने टिकट जांच कर्मचारियों के लिए एक नई बायोमेट्रिक साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली शुरू की है, जो रेलवे संचालन के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीते अगस्त महीने में ही पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर पहली डिजिटल टीटीई लॉबी चालू हो गई है। इस अभिनव प्रणाली को उत्तर रेलवे के बनारस मंडल, पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल, पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल, मध्य रेलवे के सीएसएमटी, पुणे और सोलापुर स्थित टीटीई लॉबी, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल, दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूर मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, दक्षिण रेलवे के मदुरै, पालघाट, त्रिची और पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा लॉबी में इस प्रणाली को लागू किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर पश्चिम रेलवे ज़ोन ने भी विभिन्न मंडलों में चरणबद्ध तरीके से नई प्रणाली लागू की है। उत्तर रेलवे का जम्मू मंडल जल्द ही इस प्रणाली को लागू करने वाला है। नई प्रणाली बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण को टिकट परीक्षक (टीटीई) लॉबी प्रणाली के साथ एकीकृत करती है, जिससे कर्मचारी आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरण का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित कर सकते हैं।

### बायोमेट्रिक प्रणाली के मुख्य उद्देश्य

- **प्रामाणिक उपस्थिति:** यह सुनिश्चित करती है कि उपस्थिति रिकॉर्ड सटीक और सत्यापन योग्य हों।
- **रीयल-टाइम ट्रैकिंग:** कर्मचारियों की उपलब्धता और ड्यूटी स्थिति पर रीयल-टाइम डेटा प्रदान करती है, जिससे अधिक कुशल प्रबंधन संभव होता है।
- **उन्नत निगरानी:** कार्य घंटों और लॉबी संचालन की प्रभावी निगरानी प्रदान करती है।
- **निर्बाध एकीकरण:** सुव्यवस्थित कर्मचारी तैनाती के लिए हैंड हेल्ड टर्मिनलों (एचएचटी) और ड्यूटी रोस्टर के साथ एकीकृत।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी में कहा, इस प्रणाली का कार्यान्वयन भारतीय रेलवे की कार्यकुशलता और पारदर्शिता में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बायोमेट्रिक साइन-ऑन/ऑफ प्रणाली न केवल कर्मचारियों की तैनाती को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि टिकट जांच कर्मचारियों की समग्र कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जवाबदेही में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी, जिससे अंततः सभी यात्रियों के लिए अनुभव बेहतर होगा।

वस्त्र मंत्रालय MINISTRY OF TEXTILES
MPIDC MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

भारत का सबसे बड़ा
'पीएम मित्र' पार्क धार, मध्यप्रदेश

माननीय प्रधानमंत्री जी का 5एफ विज़न
फार्म टू फाइबर; फाइबर टू फैक्ट्री; फैक्ट्री टू फैशन; फैशन टू फॉरेन
कम्पलीट वैल्यू चैन @ वन डेस्टिनेशन

निवेश संभावनाओं पर
इंटरैक्टिव सेशन


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री


डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
गिरिराज सिंह
केन्द्रीय मंत्री, कपड़ा मंत्रालय

3 सितम्बर 2025 । अपराह्न 2:30 बजे । होटल आईटीसी मौर्य, नई दिल्ली

निवेश के लाभ
- 2,158 एकड़ विकसित औद्योगिक भूमि
- आकर्षक प्रोत्साहन नीतियां
- डेवलपमेंट चार्ज @ ₹120/वर्ग फुट
- लैंड प्रीमियम @ ₹1/वर्ग मी.
- पावर @ ₹4.5/यूनिट
- वॉटर @ ₹25/किलोलीटर

भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित
अंतिम तिथि :
11 सितम्बर 2025 (शाम 6:00 बजे)
वेबसाइट पर विज़िट कर आवेदन करें :
invest.mp.gov.in

D-11093/25
आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2025
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP
स्वदेशी अभियान - विकास की नई पहचान

## सीतारमण की अध्यक्षता में सभी राज्यों के वित्तमंत्री होंगे शामिल

# जीएसटी परिषद की बैठक आज से, जरूरी वस्तुओं पर कर कम होने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार बुधवार से शुरू हो रही जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी।

प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कर दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर से कर लिया जाएगा। कर स्लैब में कटौती और इसके चलते कीमतों में होने वाली कमी का आमतौर पर स्वागत किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्य इस बदलाव के कारण राजस्व में किसी भी नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं।

### खास बातें

- दो दिन की बैठक में दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर कर कम करने पर विचार
- प्रस्तावित सुधारों में 12 और 18 फीसदी के स्लैब को हटाया जाएगा
- केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कर दरें होंगी



### पीएम ने 15 अगस्त को सुधारों की घोषणा की थी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में जीएसटी सुधारों की योजना के बारे में बताया था। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने प्रारंभिक समीक्षा के लिए विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) के साथ प्रस्तावित सुधार का एक खाका साझा किया। जीओएम ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है।

### 40 लाख के ईवी पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने समर्थन

परिषद 3-4 सितंबर को इन सिफारिशों पर विचार करेगी। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि स्लैब में बदलावों से मोटे तौर पर सहमत होते हुए मंत्री समूह ने 40 लाख रुपये तक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का समर्थन किया है।

### वाहनों पर 28 फीसदी की उच्चतम दर लागू

*वाहनों पर इस समय 28 प्रतिशत की उच्चतम दर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू है, लेकिन अब उन पर अलग-अलग दरें लागू हो सकती हैं। शुरुआती स्तर की कारों पर 18 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि एसयूवी और लक्जरी कारों पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।*

### 40% की विशेष दर अवगुणों से संबंधित वस्तुओं पर

*इसके अलावा 40 प्रतिशत की विशेष दर अवगुणों से संबंधित वस्तुओं, जैसे तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर भी लागू होगी। इस श्रेणी के लिए इस दर के ऊपर एक अतिरिक्त कर भी लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल जैसे विपक्षी राज्यों ने मांग की है कि 40 प्रतिशत की दर के ऊपर लगाया गया कोई भी कर राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, ताकि उनके राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके।*

### विपक्षी राज्य भी होंगे शामिल

*विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों में हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।*

### पेंसिल, साइकिल, छाता लाया जा रहा पांच फीसदी स्लैब में

पेंसिल, साइकिल, छाते से लेकर हेयर पिन जैसी आम उपयोग की वस्तुओं को भी पांच प्रतिशत के स्लैब में लाया जा सकता है। कुछ श्रेणी के टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की कीमतों में कमी होने की भी संभावना है, क्योंकि इन पर मौजूदा 28 प्रतिशत की तुलना में 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जा सकता है।

### केंद्र इलेक्ट्रिक वाहन को देना चाह रही प्रोत्साहन

हालांकि, केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहन को प्रोत्साहन देना चाहती है और उनसे पांच प्रतिशत की दर का समर्थन किया है। इसके अलावा घी, मेवे, पीने के पानी (20 लीटर), नमकीन, कुछ जूते और परिधान, दवाइयां और चिकित्सा उपकरण जैसी ज्यादातर आम इस्तेमाल की वस्तुओं को 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कर स्लैब में लाने की संभावना है।

## मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 207 अंक की आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पायी और जीएसटी परिषद की बैठक से पहले बैंक और वाहन शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 207 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 45 अंक टूट गया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 206.61 अंक की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक तेजी के साथ खुला और दोपहर तक बढ़त के साथ कारोबार करता रहा। हालांकि, कारोबार के अंत में मुनाफावसूली के कारण यह दिन के उच्चतम स्तर 80,761.14 अंक से 752.64 अंक नीचे आ गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 16 नुकसान में जबकि 14 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,579.60 अंक पर बंद हुआ।



### इन कंपनियों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

### बाजार ने शुरूआती तेजी गंवाई

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूत वृहद आंकड़ों के कारण आई शुरुआती तेजी गंवा दी और जीएसटी परिषद की बैठक तथा वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों की समाप्ति से पहले सतर्कता के बीच मुनाफावसूली के कारण बैंक शेयरों की अगुवाई में गिरावट के साथ बंद हुए।''

## अब भी 2000 के नोट चलन में मौजूद : आरबीआई

**मुंबई।** वापस लिए जाने की घोषणा के सवा दो साल बाद भी 2,000 रुपये वर्ग के कुल 5,956 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी भी चलन में हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बयान में कहा कि 31 अगस्त तक चलन में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 5,956 करोड़ रुपये था जबकि 19 मई, 2023 को इन्हें चलन से बाहर किए जाने की घोषणा के समय इस मूल्य वर्ग के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट प्रणाली में मौजूद थे। आरबीआई ने कहा कि इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के 98.33 प्रतिशत नोट अब तक वापस आ चुके हैं। हालांकि, 2000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा बने हुए हैं और उनका लेन-देन आधिकारिक तौर पर अवैध नहीं है। नवंबर, 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद 2,000 रुपये के नोट जारी किए गए थे।



## फ्लू से बचाव के लिए पहली ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंज़ा वैक्सीन-वैक्सीफ्लू-टीएम लॉन्च

***नई दिल्ली।*** *ग्लोबल इनोवेशन-ड्रिवन हेल्थकेयर कंपनी, जाइडस लाइफसाइंसेस लिमिटेड ने आज भारत में पहली बार अपना ट्राइवेलेन्ट इन्फ्लुएंज़ा (फ्लू) वैक्सीन, वैक्सीफ्लू-टीएम लॉन्च किया, जो कि डब्ल्यूएचओ की वैश्विक जरूरतों के अनुरूप है। सीज़नल इन्फ्लूएंजा के अलावा, फ्लू भी हर साल गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनी रहती है, जिससे 30-50 लाख लोग गंभीर रूप से बीमार होते हैं और लगभग 2.9 लाख से 6.5 लाख लोग श्वसन संबंधी कारणों से मौत के घाट उतर जाते हैं। यह बीमारी शिशुओं, बुजुर्गों और क्रॉनिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। सीज़नल फ्लू के वायरस हर साल बदलते रहते हैं, इसलिए हर बार नई वैक्सीन बनाने की जरुरत होती है। इसके लिए डब्ल्यूएचओ का ग्लोबल सर्विलांस सिस्टम- जीआईएसआरएस लगातार नजर रखता है। डब्ल्यूएचओ और सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) जैसी संस्थाएँ पूरी कोशिश करती हैं कि वैक्सीन हर जगह पहुँचे। लेकिन, फिर भी इसकी पहुँच सब तक बराबरी से नहीं हो पाती। इन्फ्लुएंज़ा के वैश्विक बोझ को कम करने के लिए जरूरी है कि तैयारी बेहतर हो और वैक्सीन सबको आसानी से उपलब्ध कराई जाए। ट्राइवेलेन्ट वैक्सीन के बारे में बात करते हुए, डॉ. परवेज़ कौल, एफआरसीपी (पल्मोनरी मेडिसिन) (रॉयल कॉलेज ऑफ फिज़िशियंस, लंदन) और एफईआरएस (यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी) ने कहा, ₹इन्फ्लुएंज़ा वैक्सीन अब भी सीज़नल फ्लू और उससे होने वाली जटिलताओं से बचाव का सबसे असरदार तरीका है। दुनिया में फ्लू वैक्सीन क्वाड्रावेलेन्ट और ट्राइवेलेन्ट दोनों रूपों में उपलब्ध है।* लेकिन, मार्च 2020 से इन्फ्लुएंज़ा बी यामागाटा वायरस का कोई केस सामने नहीं आया है।

## मार्केट न्यूज

### हीर एक्सप्रेस का नया गाना "ना तेरे जैसा यार मिलेया" बना न्यू लव एंथम, तनिष्क के सुरों में दिविता की नेचुरल परफोर्मेंस

**ओह मॉय गॉड फेम उमेश शुक्ला हैं डायरेक्टर, दिविता जुनेजा कर रही हैं दमदार डेब्यू**

मुंबई। जब मोहब्बत सुरों में बहने लगे, और आँखों से बेशुमार जज़्बात झलकने लगें, तब बनता है कुछ ऐसा जैसा हीर एक्सप्रेस का नया रोमांटिक गाना 'ना तेरे जैसा यार मिलेया', जो आज जी म्यूजिक कंपनी पर लांच होते ही दिलों पर राज करने लगा है।

इस खूबसूरत गीत को संगीतबद्ध किया है तनिष्क बागची ने, जो आज के सबसे भावनात्मक और इमर्सिव संगीतकारों में से एक हैं। उनकी हर रचना में एक ऐसी गहराई होती है, जो सीधे दिल के सबसे नर्म कोनों को छूती है। 'ना तेरे जैसा यार मिलेया' में भी तनिष्क ने रोमांस को सिर्फ सुरों में नहीं, बल्कि हर धड़कन में ढाल दिया है।

इस गीत में मोहब्बत सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि नजरों की खामोशियों और छुपे हुए अहसासों में भी बसी हुई है। दिविता जुनेजा और प्रीत कमानी की जोड़ी ने इस रोमांस को बेहद सौम्यता और संजीदगी के साथ परदे पर उकेरा है। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री एकदम फ्रेश, इनोसेंट और दिल को छू लेने वाली है, जैसे पहला प्यार।

दिविता जुनेजा, जो इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं, इस गाने में जैसे हीर बनकर सामने आती हैं। उनकी मासूम मुस्कान, आँखों में झलकती भावनाएं और आत्मीयता दर्शकों को उनके किरदार से जुड़ने पर मजबूर कर देती है। वहीं प्रीत कमानी का संवेदनशील अभिनय इस लव सांग को और भी गहराई देता है।

गाने की शूटिंग लंदन की दिलकश लोकेशंस पर हुई है और कोरियोग्राफी की है आदिल शेख ने, जिन्होंने इस रोमांटिक कहानी को हर फ्रेम में खूबसूरत बना दिया है। गायक अल्तमश फरीदी और श्रेया जैन की आवाजों ने इस गाने को भावनात्मक ऊंचाई दी है। दोनों की जुगलबंदी इस गाने को एक ऐसे मोड़ पर ले जाती है जहाँ प्यार सिर्फ सुना नहीं, महसूस किया जाता है।

इससे पहले हीर एक्सप्रेस के चार गाने, ये रांझना, डोरे डोरे दिल पे तेरे, आई लव माय इंडिया और हीर मैं वेखी पहले ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर चुके हैं। हर गाने में तनिष्क बागची ने एक नया मूड और जज़्बात पेश किया है और 'ना तेरे जैसा यार मिलेया' शायद अब तक का सबसे भावनात्मक और रोमांटिक अध्याय है। यहां आपको बता दें कि चर्चित निर्देशक उमेश शुक्ला की यह साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

- ना तेरे जैसा यार मिलेया, वो लव एंथम जो हर दिल को देगा आवाज
- तनिष्क बागची ने फिर साबित किया कि रोमांस को सुरों में ढालने का हुनर उन्हीं के पास है
- लंदन की वादियों में बसी एक मासूम मोहब्बत, 'हीर एक्सप्रेस' 12 सितंबर को होगी रिलीज




## सोना, चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड, निवेश की मांग बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी शुल्क और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश के लिए लोगों की बढ़ती मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूत रही और 400 रुपये बढ़कर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के एक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।




### चांदी में 100 रुपए की तेजी रही

इनमें से अधिकांश अगस्त में लागू हुए थे। शुल्क के खिलाफ कोई भी फैसला अमेरिका को प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ समझौतों पर बातचीत करने के लिए भी मजबूर करेगा। इस बीच, मंगलवार को चांदी की कीमत 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के एक और रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

### चांदी 7,100 रुपए किलो बढ़ी

पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतों में 7,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस साल अब तक चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया है। दिसंबर 2024 के अंत में 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी में 40.58 प्रतिशत की उछाल आई है।

## रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी से मंगलवार को रुपया दबाव में रहा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे गिरकर 88.18 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के बढ़े हुए शुल्क को लेकर फैली अनिश्चितता के बीच रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि इसके नीचे जाने का जोखिम बना हुआ है।

## टाटा कैपिटल का आईपीओ 30 सितंबर तक होगा सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** टाटा कैपिटल ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के पहले प्रमुख वैश्विक वित्तीय केंद्रों में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कंपनी का दो अरब डॉलर (करीब 17,200 करोड़ रुपये) का आईपीओ 22 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में आएगा। मामले से परिचित सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि टाटा कैपिटल का निर्गम 30 सितंबर तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो सकता है और इसके वर्ष 2025 का सबसे बड़ा आईपीओ होने की संभावना है। टाटा समूह की कंपनी ने आईपीओ को लेकर निवेशकों को जागरूक करने के लिए अगस्त से हांगकांग, सिंगापुर, लंदन, न्यूयॉर्क और भारत के प्रमुख शहरों में कार्यक्रम आयोजित किए।

## जर्मनी का ड्यूश बैंक भारत में अपना कारोबार समेटने की तैयारी में जुटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- बैंक ने बैंकों से बोली लगाने की समयसीमा 29 अगस्त तय की थी

जर्मनी के सबसे बड़े बैंकों में से एक ड्यूश बैंक भारत में अपना रिटेल कारोबार बेचने पर विचार कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ड्यूश बैंक ने अपने रिटेल बैंकिंग एसेट्स को बेचने के लिए देशी और विदेशी बैंकों को बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ड्यूश बैंक ने बैंकों से बोली लगाने की समयसीमा 29 अगस्त तय की थी। ड्यूश बैंक इन दिनों भारत में अपना रिटेल कारोबार पूरी तरह से समेटने की संभावनाओं को तलाश रहा है। इसकी फिलहाल देश में 17 शाखाएं हैं। इसी साल की शुरुआत में बैंक ने अपने रिटेल बिजनेस को और ज्यादा प्रॉफिटेबल बनाने के प्लान भी बनाए थे। मार्च में, बैंक के सीईओ क्रिश्चियन सिविंग ने कहा था कि बैंक अपनी शाखाओं में लागत कम करने के लिए लगभग 2,000 नौकरियों में कटौती करेगा। इससे पहले, साल 2017 में ड्यूश बैंक ने भारत में अपने रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस को बेचने की कोशिश की थी, लेकिन बाद में इस प्लान को टाल दिया गया। ड्यूश बैंक ने भारत में अपने रिटेल बिजनेस के वैल्यूएशन की कोई जानकारी नहीं दी है।

## राशिफल


**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।



**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।


**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।


**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।


**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।


**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## भारतीय रेलवे अपने टिकट जाँच कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक साइन-ऑन/ऑफ के साथ आधुनिकीकरण को अपना रहा है

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपने टिकट जाँच कर्मचारियों के लिए एक नई बायोमेट्रिक साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली शुरू की है, जो रेलवे संचालन के आधुनिकीकरण और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 29.08.25 को पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर पहली डिजिटल टीटीई लॉबी चालू हो गई है। इस अभिनव प्रणाली को उत्तर रेलवे के बनारस मंडल, पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल, पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल, मध्य रेलवे के सीएसएमटी, पुणे और सोलापुर स्थित टीटीई लॉबी, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल, दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूर मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, दक्षिण रेलवे के मदुरै, पालघाट, त्रिची और पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा लॉबी में सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

**विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि**

सर्वसबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07023 | चर्लपल्ली | हज़रत निज़ामुद्दीन | रविवार | 29.06.2025 | 07.09.2025 से 30.11.2025 |
| 07024 | हज़रत निज़ामुद्दीन | चर्लपल्ली | मंगलवार | 01.07.2025 | 09.09.2025 से 02.12.2025 |
| 07077 | चर्लपल्ली | देहरादून | मंगलवार | 24.06.2025 | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | चर्लपल्ली | वीरवार | 26.06.2025 | 04.09.2025 से 27.11.2025 |

नोट :– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें


रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 5977




**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5976 का हल**





## खबर संक्षेप



### वीनस महिला युगल के क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स ने लैला फर्नांडिज के साथ अमेरिकी ओपन महिला युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वीनस ने अपनी छोटी बहन सेरेना से कहा है कि वह उनका मैच देखने आये। वीनस और लैला ने 12वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा और झांग शुआइ को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा से होगा।

### प्रणव ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की



**फुजैरा।** विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्हें 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले। अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे। वहीं ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे।

### आसिफ अली ने क्रिकेट से की संन्यास की घोषणा



**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के मध्यक्रम के बल्लेबाज आसिफ अली ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फैसलाबाद के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2021 और 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप और 2019 में इंग्लैंड में पुरुष वनडे विश्व कप में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पाकिस्तान की जर्सी पहनने को अपने पेशेवर करियर का 'सबसे गौरवपूर्ण अध्याय' करार दिया।

### वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए पैट कमिंस

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस अक्टूबर-नवंबर में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज से बाहर हुए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज दौरे में खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ में चोट लगी थी, जिससे वह फिलहाल उबर रहे हैं। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिंस अक्टूबर 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज का हिस्सा भी नहीं होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि स्कैन में फ्रैक्चर नहीं आया है।


### आशु मलिक ने दिल्ली को बेंगलुरु बुल्स पर सात अंक से जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम।** आशु मलिक के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दबंग दिल्ली केसी ने मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में बेंगलुरु बुल्स पर 41-34 से जीत दर्ज की। बुल्स ने अंतिम समय में वापसी की कोशिश की लेकिन आशु (15 अंक) और नीरज नरवाल (सात अंक) के शानदार प्रदर्शन तथा सुरजीत सिंह, फजल अत्राचली और सौरभ नांदल के दमदार डिफेंस ने दिल्ली की जीत पक्की कर दी। अलीरेजा मिर्जायन का सुपर 10 बुल्स के लिए मैच में सकारात्मक पक्ष रहा। दबंग दिल्ली की टीम मध्यांतर तक 21-11 से आगे थी।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 क्रिकेट को कहा अलविदा, टेस्ट और वनडे प्रारूप में खेल रखेंगे जारी

एजेंसी ▸▸| ब्रिसबेन

आस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टेस्ट और टी20 प्रारूप में अपने कैरियर को विस्तार देने के लिये टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इस मौके पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट और वनडे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बचे हुए करियर में टेस्ट प्रारूप में खेलना उनकी प्राथमिकता होगा।



### ऑस्ट्रेलिया से सर्वाधिक विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

स्टार्क ने साल 2012 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। 13 वर्ष के लंबे अपने करियर में उन्होंने 65 मैच में 79 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/20 का रहा। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रहे। दूसरे सर्वाधिक विकेट वाले कंगारू तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (73) हैं।

### ओपनिंग गेंदबाज के रूप में चटकाए सर्वाधिक विकेट

स्टार्क ओपनिंग गेंदबाज यानी मैच का पहला या दूसरा ओवर फेंकने वाले खिलाड़ी के रूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। स्टार्क ने 48 मैचों में पहले ओवर और 12 मैचों में दूसरे ओवर में गेंदबाजी करते हुए कुल 73 विकेट लिए। विश्व के गेंदबाजों में टिम साउथी (127) इस सूची में शीर्ष पर हैं।



### एक ओवर में 29 रन का अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज

टी-20 विश्व कप 2024 में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सुपर-8 के मुकाबले में स्टार्क के नाम पर एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हुआ था। दरअसल, स्टार्क ने अपने पहले और भारत की पारी के तीसरे ओवर के दौरान कुल 29 रन खर्च किए थे। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने उस ओवर में 4 छक्के और 1 चौका लगाया था।

### टी-20 विश्व कप जीत चुके हैं स्टार्क

*ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था। यह कंगारू टीम का टी-20 प्रारूप में पहला आईसीसी खिताब था। उस विश्व विजेता टीम में स्टार्क भी अहम सदस्य थे। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने उस संस्करण में अपने सभी 7 मैचों में हिस्सा लिया था, जिसमें कुल 9 विकेट लिए थे। फाइनल में स्टार्क ने खराब प्रदर्शन किया था।*

## सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं, फाइनल का होगा

# दलीप ट्रॉफी 2025: सेमीफाइनल के मुकाबले कल से फाइनल में पहुंचने चार टीमों के बीच होगी रोमांचक जंग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले 4 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने रविवार को क्वार्टर फाइनल मैचों में पहली पारी में बढ़त हासिल करने के बाद इस चरण के लिए क्वालीफाई किया है। अब उनका मुकाबला वेस्ट जोन और साउथ जोन से होगा, जो पिछले साल के फाइनलिस्ट होने के कारण सीधे इस चरण में पहुंची हैं।


### नॉर्थ और सेंट्रल जोन ने बनाया दबदबा

नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पहली पारी में मिली 175 रनों की बढ़त से अगले चरण में प्रवेश किया। टीम के कप्तान अंकित कुमार, यश ढुल और आयुष बदोनी ने शतक जड़े। औकीब नबी ने हैट्रिक हासिल की। सेंट्रल जोन ने भी नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में मिली 347 रन की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दानिश मालेवार (203), रजत पाटीदार (125) और शुभम शर्मा (125) ने शतक जड़े।

### ऐसा है सेमीफाइनल का शेड्यूल

सेमीफाइनल मैचों में नॉर्थ जोन का मुकाबला साउथ जोन से सीओई ग्राउंड 1 पर होगा, जबकि वेस्ट जोन का मुकाबला सेंट्रल जोन से ग्राउंड 2 पर होगा। दलीप ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मैचों का सीधा प्रसारण नहीं किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के केवल फाइनल मुकाबले की ही लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। हालांकि, प्रशंसक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दोनों मैचों का लाइव स्कोरकार्ड देख सकते हैं।







### नॉर्थ और साउथ जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

नॉर्थ जोन के औकिब नबी ने क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन के खिलाफ 5 विकेट झटके हैं। उनके स्पेल में एक डबल हैट्रिक (लगातार चार गेंदों पर 4 विकेट) भी शामिल थी। बदोनी ने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में नाबाद 204 रन की पारी खेली। दक्षिण जोन के देवदत्त पडिक्कल बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 41.39 की औसत से 2,815 प्रथम श्रेणी रन बनाए हैं। गुरजपनीत सिंह ने 2024-25 रणजी ट्रॉफी में 13 विकेट चटकाए थे।

### पश्चिम और सेंट्रल जोन मुकाबले में इन पर रहेगी नजर

क्वार्टर फाइनल के पहले दिन सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने 125 रनों की तेज पारी खेली और दूसरी पारी में भी 66 रन बनाए। यश राठौड़ ने भी 2 अर्धशतकों (87 और 78) के साथ मजबूती प्रदान की। वेस्ट जोन से श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने 2024/25 रणजी ट्रॉफी में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल के ऊपर वेस्ट जोन को बतौर सलामी बल्लेबाज बेहतर शुरुआत देने की जिम्मेदारी होगी।

### टीमें इस प्रकार

**वेस्ट जोन की टीम:** शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्या देसाई, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्रसिंह जडेजा, तुषार देशपांडे, अर्जन नागवासवाला।

**साउथ जोन की टीम:** मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान), तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मोहित काले, सलमान निजार, नारायण जगदीसन, त्रिपुराना विजय, तनय त्यागराजन, विजयकुमार वैश्यक, निधिश एमडी, रिकी भुई, बासिल एनपी, गुरजापनीत सिंह, स्नेहल कौथंकर, अंकित शर्मा, शेख रशीद।

**नॉर्थ जोन की टीम:** अंकित कुमार (कप्तान), शुभम खजूरिया, आयुष बदोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत संधू, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, कन्हैया वधावन।

**सेंट्रल जोन की टीम:** ध्रुव जुरेल (कप्तान/विकेटकीपर), रजत पाटीदार , आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर , सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद।

## एशिया कप हॉकी

# पांच बार की चैंपियन कोरिया से भारत का मुकाबला आज



एजेंसी ▸▸| राजगीर

पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में आज बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4-3 से, जापान को 3-2 और कजाखस्तान को 15-0 से हराया। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। सुपर 4 के मैच शाम को 7.30 बजे से होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है।

### सुपर चरण 4 सभी टीमों की नई शुरूआत

सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा ।

### इस प्रकार हैं दोनों की टीमें

**भारत :** सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक (गोलकीपर) हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह , मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल , हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

**कोरिया :** डी अंग (गोलकीपर), जिहुन यांग, चियोलियोन पार्क, जिनकांग रिम, डेन सोन, जुंगजुन ली (कप्तान), जोंगसुक बाए, सियोग ओह, जेवोन सिम, सुंगह्युन बाएक, सूंग मिन बाए, जाएहान किम, जियोनहो जिन, हियोनहोंग किम, सियुंगवू ली, मिन सू चियोन, यूनहू कोंग, येसियुंग ली।

## त्रिकोणीय सीरीज

# राशिद ने रचा इतिहास, बने टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज



एजेंसी ▸▸| शारजाह

अफगानिस्तान ने शारजाह में खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के मुकाबले में यूएई को 38 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में कप्तान राशिद खान ने एक बार फिर कमाल दिखाया। उन्होंने तीन अहम विकेट लेकर न सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउथी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 164 विकेट लिए थे।

### शानदार रहा राशिद का करियर

*रिपोर्ट के अनुसार, साउथी ने 126 मैच खेले थे, जबकि राशिद अपने 98वें टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ही उनसे आगे निकल गए। राशिद ने 2 बार पारी में 5 विकेट हॉल भी लिए हैं। उन्होंने अब तक 18 टीमों के खिलाफ मैच खेला है। इस बीच उन्होंने अफगानिस्तान के लिए कुल 163 विकेट और 2018 में लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व एकादश के लिए 2 विकेट लिए हैं। बतौर कप्तान अब उनके नाम 52 विकेट हैं।*

### सर्वश्रेष्ठ इकॉनमी औसत वाले गेंदबाज

राशिद के अब तक के टी-20 अंतरराष्ट्रीय में इकॉनमी रेट 6.07 है। कम से कम 100 टी-20 मैच खेलने वाले किसी भी अन्य पूर्णकालिक टीम के गेंदबाज की इकॉनमी 6.8 से कम नहीं है। राशिद का औसत (13.62) भी इस सूची में सर्वश्रेष्ठ है। बता दें कि न्यूनतम 100 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा और आयरलैंड के मार्क अडायर का औसत 20 से कम है।

### सर्वाधिक पारियों में लिए हैं 4 विकेट

राशिद ने 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (8) और पाकिस्तान के उमर गुल (6) ही ऐसे अन्य गेंदबाज हैं जिन्होंने 5 बार चार या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। राशिद कप्तान के तौर पर 50 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पहले पूर्ण सदस्य गेंदबाज हैं।

# महान आर्यमन बने एमपीसीए के सबसे युवा अध्यक्ष



**इंदौर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महान आर्यमन सिंधिया ने मंगलवार को मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा खिलाड़ियों और महिला खिलाड़ियों को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। एमपीसीए चुनावों में अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है और पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई है। महान आर्यमन (29) ने वर्ष 1957 में स्थापित एमपीसीए के इतिहास के सबसे युवा अध्यक्ष के रूप में इस संगठन की बागडोर संभाली है।

### मेरे लिए यह बेहद भावुक पल : महान आर्यमन

एमपीसीए अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद महान आर्यमन ने संवाददाताओं से कहा यह मेरे लिए बेहद भावुक पल है क्योंकि मेरे दिवंगत दादा माधवराव सिंधिया और मेरे पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी एमपीसीए अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने कहा एमपीसीए देश का इकलौता राज्य क्रिकेट संघ है जहां पारिवारिक माहौल में चुनाव होते हैं। मैं खुश हूं कि एमपीसीए परिवार ने मुझ पर भी इस जिम्मेदारी के लिए भरोसा जताया है।

# विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक की कर दी भरपाई : चिराग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता।

दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया।



### सही रणनीति के खेल से मिली विजयः चिराग


चिराग ने साक्षात्कार में कहा, "मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं।

## विश्व कप क्वालीफायर में वेनेजुएला के खिलाफ मुकाबला 4 सितंबर को

# मेसी लेने वाले हैं संन्यास...!, कल हो सकता है बड़ा ऐलान

एजेंसी ▸▸| ब्यूनस आयर्स

फुटबॉल प्रेमियों के लिए जल्द ही भावुक पल आ सकता है। अर्जेंटीना के 38 वर्षीय लीजेंड लियोनेल मेसी ने इशारों में अपने संन्यास के बारे में बता दिया है। उन्होंने बताया है कि उनका अंतरराष्ट्रीय सफर अब अंतिम मोड़ आ चुका है। उन्होंने संकेत दिया कि 4 सितंबर को ब्यूनस आयर्स के एस्टाडियो मोनुमेंटल में वेनेजुएला के खिलाफ होने वाला विश्व कप क्वालीफायर मुकाबला उनका आखिरी घरेलू मैच बन सकता है।



### मेसी का शानदार क्वालीफायर रिकॉर्ड

अब तक मेसी ने 193 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों में 31 गोल किए हैं। 2022 में कतर में आयोजित विश्व कप जीतकर उन्होंने अर्जेंटीना को 36 साल बाद एक बार फिर विश्व चैंपियन बनाया। यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मानी जाती है।

### क्वालीफाई कर टॉप पर है अर्जेंटीना

वर्ष 2026 फीफा विश्व कप के लिए अर्जेंटीना पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। टीम 35 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर तालिका में शीर्ष पर है। ऐसे में यह मैच अर्जेंटीना के लिए केवल औपचारिकता भर है, लेकिन मेसी और उनके प्रशंसकों के लिए यह एक यादगार और भावुक विदाई का क्षण बन सकता है।

### परिवार के सामने मैदान पर होंगे मेसी

मीडिया से बात करते हुए लियोनेल मेसी ने कहा, "यह मेरे लिए बेहद खास मैच होगा। यह मेरा आखिरी क्वालीफायर मैच हो सकता है। मुझे नहीं पता कि इसके बाद कोई मैत्रीपूर्ण या अन्य मैच होंगे या नहीं लेकिन इस दौरान उनकी पत्नी, बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन और पत्नी के सभी रिश्तेदार इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने स्टेडियम में मौजूद रहेंगे।

### विदेशी मैदान पर एक और मैच संभव

मेसी 9 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ एक और क्वालीफायर मैच खेल सकते हैं, लेकिन वह मैच विदेश में होगा। इसलिए 4 सितंबर का मैच शायद आखिरी मौका होगा जब अर्जेंटीनी दर्शक अपने महानायक को अपने देश में एक प्रतिस्पर्धात्मक अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलते हुए देख सकेंगे।

### केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का बड़ा खुलासा

यूरोपीयन देशों संग एफटीए पर बातचीत अग्रिम चरण में

# ट्रंप प्रशासन के साथ ट्रेड डील पर बात जारी, पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने यहां एक उद्योग संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अब तक बहुत कुछ हुआ है और अभी बहुत कुछ होना बाकी है।

हम बीटीए के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका मार्च से इस समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिकी दल ने अगले दौर की वार्ता के लिए भारत का अपना दौरा स्थगित कर दिया है जो 25



अगस्त से शुरू होने वाली थी। अभी तक छठे दौर की वार्ता के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है। गोयल ने कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे हैं। जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे तनाव कम होता जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा मुद्दों का समाधान होने के साथ ही स्थिति का सामान्य होना बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है।

#### कई देशों के साथ एफटीए पर समझौता किया

*केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत पहले ही आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मारीशस, ब्रिटेन और चार यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अग्रिम चरण में है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सक्रिय और महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल इस समझौते पर यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए ब्रसेल्स में हैं।*

## 2030 तक भारत की एनर्जी मिक्स में गैस की भागीदारी 15% होगी: पुरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने एनर्जी मिक्स में गैस की हिस्सेदारी को वर्तमान लगभग 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना है ताकि कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सके। एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में दिसंबर तक 49 और एलएनजी वितरण स्टेशन होंगे, इसके अलावा वर्तमान में 13 स्टेशन चल रहे हैं। भारत वर्तमान में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा गैस आयातक है, जिसके 8 एलएनजी टर्मिनल हैं जिनकी संयुक्त क्षमता 52.7 मिलियन टन प्रति वर्ष है।

#### ड्रिलिंग कुओं का स्थान निर्धारित करें



*इस बीच उन्होंने गोवा में 'चैलेंजेस ऑफ द इंडियन ऑयल एंड गैस सेक्टर' विषय पर मंत्रालय के अधिकारियों और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुखों के साथ आयोजित 9वें विचार-मंथन सत्र में भूकंपीय डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण दक्षता पर चर्चा की। उन्होंने स्ट्रेटीग्राफिक कुओं की ड्रिलिंग की स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया, साथ ही ऑफशोर ड्रिलिंग लागत और ड्रिलिंग कुओं के स्थान निर्धारण प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया।*

### अफगानिस्तान में भूकंप से मची भीषण तबाही

## मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से अधिक, 3000 से ज्यादा लोग घायल



अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में तबाह घर

एजेंसी ▶▶ जलालाबाद

अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान जारी है। बता दें, रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए और लोग घंटों मलबे में फंसे रहे। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया कि घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं। भूकंप के कारण कुछ इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें फिर से खोल दिया गया है।

हम्माद ने कहा कि बाकी सड़कों को भी खोल दिया जाएगा ताकि उन इलाकों तक पहुंच आसान हो सके जहां पहुंचना मुश्किल था। ज़्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरा बड़ा भूकंप है, और अफगानिस्तान के लिए यह नवीनतम संकट है, जो सहायता निधि में भारी कटौती और कमजोर अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है।



### सूडान में भूस्खलन, दारफुर गांव पूरा तबाह

#### 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका, सिर्फ 1 बचा

सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। आर्मी ने बताया कि तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से गुहार लगाई है।

### खबर संक्षेप

#### जर्मन के विदेश मंत्री जोहान बेंगलुरु पहुंचे



**बेंगलुरु।** जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल मंगलवार सुबह भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत बेंगलुरु पहुंच गए हैं। उनका यह दौरा भारत-जर्मनी संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है। बतौर विदेश मंत्री वाडेफुल का यह पहला भारत दौरा है।

#### इंडोनेशिया में लापता हेलिकॉप्टर, तलाश जारी



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बोर्नेओ द्वीप से एक भारतीय नागरिक समेत आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुए लापता हेलिकॉप्टर की तलाश मंगलवार को भी जारी रही। सोमवार को एक पायलट, एक इंजीनियर और छह यात्रियों को लेकर रवाना हुआ एस्टिंडो एयर बीके 117 डी3 का मेन्टेवे में मंडिन दमार में संपर्क टूटा।

### जम्मू-कश्मीर में बाढ़ और भूस्खलन के कहर ने छोड़े अपने निशान

# भारी बारिश से 2500 सड़कें तबाह हुईं 100 करोड़ से ज्यादा का हुआ नुकसान

**1000 सड़कें अभी भी बंद**

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में बाढ़-भूस्खलन से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भारी नुकसान पहुंचा है। 2500 सड़कें प्रभावित हुईं हैं। इनमें से 60 फीसदी को बहाल कर दिया गया है। करीब एक हजार सड़कें अभी बंद हैं। ज्यादातर सड़कें ग्रामीण इलाकों में हैं। पीडब्ल्यूडी के अनुसार 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। हालांकि विभाग अभी आकलन कर रहा है।

इनमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीते कुछ वर्षों में बनी नई सड़कें भी शामिल हैं। प्रभावित सड़कों पर भारी भूस्खलन हुआ है। कुछ जगहों पर डंगे खिसक गए हैं। पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इससे आवाजाही प्रभावित हो रही है। कई इलाकों मे लोग पैदल सफर करने के लिए मजबूर हैं। पीडब्ल्यूडी भारी मशीनों से सड़कों से मलबा हटवा रहा है। जिन क्षेत्रों में भूस्खलन का प्रभाव कम है, वहां से मशीनों को प्रभावित इलाकों में शिफ्ट कर दिया गया है। सबसे बड़ी मुश्किल मलबे को ठिकाने लगाने में आ रही है। मलबे को उठाकर कई किलोमीटर दूर तक ले जाना पड़ रहा है।

#### सर्वाधिक नुकसान जम्मू संभाग में



*वहीं, विभाग नुकसान की रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार को भेजेगा। इसके बाद केंद्र से मिलने वाली राशि से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत होगी। सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू संभाग में हुआ है। संभाग के कठुआ, सांबा, जम्मू, रियासी, उधमपुर, किश्तवाड़, डोडा, राजोरी, रामबन, पुंछ जबकि कश्मीर संभाग के अनंतनाग और कुलगाम में पीडब्ल्यूडी को नुकसान उठाना पड़ा है। कश्मीर संभाग के अन्य जिलों में भूस्खलन की इक्का-दुक्का घटनाएं होने से नुकसान कम हुआ है।*

#### 92 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल

*जम्मू-कश्मीर के विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) ने 26 अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश से उत्पन्न आपदा के 48 घंटे के भीतर 92 प्रतिशत बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। अधिकारी ने बताया किमूसलाधार बारिश ने व्यापक तबाही मचाई, ट्रांसमिशन टावर ढह गए, 'रिसीविंग' स्टेशन जलमग्न हो गए।*

#### आज मध्यम से भारी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग ने बताया कि तीन सितंबर की सुबह से दोपहर देर तक कठुआ, जम्मू, उधमपुर और रियासी में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है और जम्मू क्षेत्र के डोडा, सांबा, राजौरी, पुंछ, रामबन, किश्तवाड़ और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है।

#### वैष्णो देवी यात्रा आठवें दिन भी स्थगित

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा मंगलवार को लगातार आठवें दिन भी बारिश होने व खराब मौसम से स्थगित रही, जिससे कटड़ा आधार शिविर और गुफा मंदिर तक का मार्ग पूरी तरह सूना दिखाई दिया।

#### राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात स्थगित

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के मद्देनजर 250 किलोमीटर के मार्ग पर वाहनों की आवाजाही स्थगित कर दी गई। गई।

पाक रक्षा मंत्री की बेतुकी सलाह

# बाढ़ अल्लाह की रहमत, बाल्टियों में भर लें पानी और रखें सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में बाढ़ ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं, सैकड़ों गांव पानी में डूब गए हैं और राहत-बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने विवादित बयान देते हुए कहा कि यह बाढ़ अल्लाह की देन है। उन्होंने हम पाकिस्तानियों पर अपनी रहमत दिखाई है। ये पानी उन्होंने हमें अपने लोगों को बचाने के लिए दिया है। लोगों को चाहिए कि वे इस पानी को सुरक्षित तरीके से घरों की बाल्टी-टब में जमा करें।



उन्होंने कहा कि नागरिकों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बजाय बाढ़ के पानी को टब और बाल्टियों में भरकर सुरक्षित रखना चाहिए। इसे अल्लाह की भेजी हुई रहमत बताते हुए उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील की। उनके इस बयान ने पाकिस्तान में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने इसे बेतुका और संवेदनहीन बताया है।

#### बाढ़ में अब तक 854 से अधिक लोगों की मौत

पाकिस्तान के कई प्रांतों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं और लाखों लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। खेती-बाड़ी को भारी नुकसान हुआ है और पशुधन बह जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है। आपदा प्रबंधन एजेंसियां लगातार राहत सामग्री पहुंचा रही हैं। इस साल 26 जून तक पूरे पाकिस्तान में 854 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

#### जनता ने जाहिर की नाराजगी

*ख्वाजा आसिफ के बयान पर विपक्षी नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। उनका कहना है कि सरकार को लोगों की मदद के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, न कि ऐसी बयानबाजी करनी चाहिए जो पीड़ा को और बढ़ाए। कई सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने भी सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार उनकी तकलीफ समझने के बजाए उपदेश दे रही है।*

### पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के तहत सेशेल्स पहुंचे

## भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच मेघालय में शुरू हुआ मैत्री युद्धाभ्यास





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लगातार बढ़ती आक्रामकता के दौर में भारत और थाईलैंड की सेनाओं के बीच मेघालय के उमरोई स्थित संयुक्त प्रशिक्षण नोड में मंगलवार से संयुक्त मैत्री युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इसका संबंध दोनों देशों के बीच सैन्य कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है। 2025 में मैत्री अभ्यास का 14 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है।

यह 1 से 14 सितंबर तक चलेगा। पूर्व में युद्धाभ्यास का 13 वां संस्करण थाईलैंड के टाक प्रांत के फोर्ट वाचिराप्राकन में आयोजित किया गया था। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। जिसमें कहा कि भारत की तरफ से मैत्री युद्धाभ्यास में मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन में शामिल 120 सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं। वहीं, रॉयल थाई आर्मी की 53 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व प्रथम इन्फैंट्री बटालियन की 14वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड द्वारा किया जा रहा है। वर्ष 2006 में दोनों देशों के बीच इस अभ्यास की शुरुआत हुई थी। सेना ने कहा कि ये अभ्यास संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-7 के तहत अर्ध-शहरी इलाकों में कंपनी स्तर के आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित होगा। सामरिक अभ्यास, विशेष हथियार कौशल, शारीरिक क्षमता निर्माण, छापामार कार्रवाई पर दोनों देशों के सैन्यकर्मी ध्यान केंद्रित करेंगे।

#### सेशेल्स पहुंची नौसेना की 1टीएस

भारतीय नौसेना की प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया पहुंच गई है। जिसमें आईएनएस तीर, शार्दुल और सीजीएस सारथी नामक तीन जंगी युद्धपोत शामिल हैं। युद्धपोतों की ये तैनाती वर्तमान में दक्षिण- पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में लंबी दूरी के प्रशिक्षण तैनाती के तहत की गई है। प्रशिक्षण स्क्वाड्रन का सेशेल्स में इस साल तीसरी बार आगमन है। जो भारतीय नौसेना की मजबूत द्विपक्षीय भागीदारी और समुद्री साझेदारी को उजागर करता है। यह हिंद महासागर क्षेत्र में महासागर के व्यापक दृष्टिकोण के साथ भी मेल खाता है।

#### सैनिक शिविर में भाग लेंगे एनसीसी कैडेट

राजधानी दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में 12 दिनों तक चलने वाले थल सैनिक शिविर का 2 सितंबर से आगाज हो गया है। जिसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कुल करीब 1 हजार 546 युवा कैडेट भाग ले रहे हैं। यह सभी भारत के 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 17 राष्ट्रीय कोर निदेशालयों से जुड़े हुए हैं। 1546 कैडेटों में 867 लड़के और 679 लड़कियां शामिल हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेटों को सेना प्रशिक्षण के प्रमुख पहलुओं से रूबरू कराना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना, अनुशासन और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109